RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

भैया सचमुच घट गया, इंडीगो का भार।
रखी ऊंट की पीठ से, छलनी परे उतार।
छलनी परे उतार, भाग था पहले पैंसठ।
अब दो प्रतिशत गिरा, रह गया सिर्फ.तिरेसठ।
कह साहिल कविराय, करा दी ता-ता थैया।
हिस्सेदारी घटी, फीसदी दो ही भैया।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 342 | TUESDAY DATE 30-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## हिमाचल के सीएम सुक्खू ने की अपील, डॉक्टर्स ने वापस ली हड़ताल

### दोबारा जांच और डॉ निरुला की बर्खास्तगी रद्द का दिया आश्वासन




**शिमला, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की अपील के बाद आईजीएमसी शिमला के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी। सीएम सुक्खू ने डॉक्टरों से सोमवार को वापस काम पर लौटने की अपील की थी। आरडीए अध्यक्ष सोहिल शर्मा ने कहा है कि सीएम सुक्खू ने मामले की विस्तृत जांच कराने और डॉक्टर राघव निरुला की बर्खास्तगी रद्द करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक बर्खास्तगी का आदेश वापस नहीं लिया जाता तब तक वे जांच में पूरी तरह से लगे रहेंगे। इससे पहले सीएम सुक्खू ने कहा था कि सरकार के फैसलों की समीक्षा की जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली से शिमला लौटने पर सीएम सुक्खू ने कहा था कि अगर डॉक्टर बातचीत जारी रखना चाहते हैं तो मैं उनसे आग्रह करना चाहता हूं कि वे अपना अहंकार छोड़ दें।

## सशस्त्र बलों की क्षमता बढाने के लिए 79000 करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

सरकार ने सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए 79,000 करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में तीनों सेनाओं के लिए आवश्यकता के आधार पर खरीद के इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष की अंतिम बैठक में मंजूर किये गये इन खरीद सौदों की कुल अनुमानित लागत लगभग 79,000 करोड़ रुपये है और इनमें सेना की तोपखाना रेजिमेंट के लिए लॉयटर म्यूनिशन सिस्टम, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट एम्युनिशन तथा इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम मार्कझक्कको खरीद को मंजूरी दी गई।



**❑ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में तीनों सेनाओं के लिए आवश्यकता के आधार पर खरीद के इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।**

बैठक में नौसेना के लिए बोलार्ड पुल टग्स, हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक तथा हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने के प्रस्तावों को आवश्यकता पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई।

वायु सेना के लिए ऑटोमैटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, अस्त्र मार्क-क्कमिसाइलें, फुल मिशन सिम्युलेटर तथा स्पाइस-1000 लॉन्ग रेंज गाइडेंस किट्स आदि की खरीद को आवश्यकता की स्वीकृति दी गई।

## संक्षिप्त ताजा खबरें

### नितिन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के पहले बंगला एलॉट

**नईदिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने के पहले ही उन्हें राजधानी दिल्ली में बंग्ला एलॉट हो गया है। यह बंगला 9 सुनहरी बाग रोड टाइप 6 श्रेणी का बंगला है। यह तीन एकड़ में फैला हुआ है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उनके पड़ोसी होंगे। जिस तरह से केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के पहले ही उनके नाम पर बंग्ला एलॉट किया है। उसको लेकर राजधानी दिल्ली में तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गई है। बताया जाता है, नितिन का बंगला आधुनिक एवं सुरक्षित जीवन शैली की सभी सुविधाओं से लैस है।

### उत्तराखंड में 100 करोड़ रुपये की लागत से शुरू होगा क्लीन प्लांट प्रोग्राम: शिवराज सिंह चौहान

**चमोली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को गौचर (जिला चमोली) में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कृषि मंत्री गणेश जोशी, स्थानीय सांसद, विधायक और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह ने घोषणा की कि उत्तराखंड में 100 करोड़ रुपये की लागत से क्लीन प्लांट प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार उत्तराखंड के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेगी। उन्होंने हाल ही में शुरू की गई विकसित भारतझजी राम जी योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह गांव-गांव के विकास के लिए संजीवनी साबित होगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विपरीत मौसम से फसल नुकसान झेलने वाले किसानों के खातों में 65 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि जमा की गई है। उन्होंने सीढ़ीदार खेतों में कठिन परिस्थितियों के बावजूद मेहनत करने वाले किसानों की सराहना की।

## जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य सुधारों और टीबी मुक्त भारत पर उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने सोमवार को हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव और राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण का मूल्यांकन करना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन को मजबूत करना और केंद्र-राज्य तालमेल को और सुदृढ़ बनाना था।

बैठक में नड्डा ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने, रोगी-केंद्रित देखभाल सुनिश्चित करने, नियामक पर्यवेक्षण बढ़ाने और टीबी (तपेदिक) को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फार्मास्युटिकल सप्लाई चेन में निरंतर मॉनिटरिंग अत्यंत आवश्यक है। मंत्री ने अधिकारियों से बेहतर रेगुलेटरी प्रक्रियाओं को संस्थागत बनाने और मरीजों की संतुष्टि, अनुपालन और निगरानी में सुधार लाने का आह्वान किया। फ्री दवा और फ्री डायग्नोस्टिक्स योजनाओं पर चर्चा करते हुए नड्डा ने मजबूत सप्लाई चेन और प्रभावी निगरानी व्यवस्था पर बल दिया। उन्होंने डायग्नोस्टिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि समय पर और उच्च गुणवत्ता वाली जांच प्रभावी स्वास्थ्य सेवा का आधार है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन में पेशेवर प्रबंधन, ब्लड बैंकों, अस्पताल सिस्टम और सुरक्षा मानकों पर कड़ी निगरानी की आवश्यकता बताई।



मंत्री ने राज्य के हर जिला अस्पताल में अमृत रिटेल फार्मेसी स्थापित करने का निर्देश दिया। इन फार्मेसियों में ब्रांडेड दवाओं पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ मिलकर इस कार्य को तेज करने का आह्वान किया गया। इससे मरीजों को सस्ती और विश्वसनीय दवाएं उपलब्ध होंगी।


टेक्नोलॉजी-आधारित स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर देते हुए नड्डा ने टेलीमेडिसिन को दूरदराज एवं कम सुविधा वाले क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने हरियाणा द्वारा टेलीमेडिसिन को अपनाने की सराहना की और इसे नियमित सेवा में गहराई से एकीकृत करने की सलाह दी।

टीबी मुक्त भारत के संकल्प को दोहराते हुए मंत्री ने स्क्रीनिंग, डायग्नोस्टिक्स, इलाज अनुपालन और पोषण सहायता पर अधिक ध्यान देने की बात कही।

उन्होंने एआई-सक्षम हैंडहेल्ड एक्स-रे यूनिट्स और ब्लॉक स्तर पर नाट मशीनों के माध्यम से जल्दी पता लगाने की व्यवस्था की जानकारी दी। हरियाणा में 350 से अधिक माई भारत वॉलंटियर्स नी-क्षय मित्र पहल में शामिल होकर टीबी मरीजों को मनोवैज्ञानिक-सामाजिक सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने विधायकों के लिए संवेदीकरण कार्यशालाएं आयोजित करने का सुझाव दिया ताकि जिला परिषदों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ नियमित समन्वय बढ़े। जन भागीदारी को स्वास्थ्य कार्यक्रमों की सफलता का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

## नए साल में वाहन चालकों को तोहफा देने वाले हैं गडकरी, टोल प्लाजा पर रुकने की जरुरत नहीं

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**



अगले साल से एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर रुकने की जरुरत नहीं होगी। दरअसल सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नए साल से कैमरा आधारित टोलिंग सिस्टम लागू करेगा, जिसके तहत चलते वाहन से ही टोल शुल्क वसूला जाएगा। सड़क मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, इस नई व्यवस्था की शुरुआत पहले उन एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे से की जाएगी, जहां ट्रैफिक ज्यादा रहता है, या जहां टोल प्लाजा आपस में काफी नजदीक बने हैं। फिलहाल देश में करीब 1.5 लाख किलोमीटर लंबे नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे नेटवर्क में से करीब 45 हजार किलोमीटर पर टोल वसूला जा रहा है। देशभर में 1000 से ज्यादा टोल प्लाजा मौजूद हैं। इसमें से कई टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है, जिससे यात्रियों को काफी समय तक इंतजार करना पड़ता है। खासतौर पर पीक आवर्स और त्यौहारों के दौरान टोल प्लाजा पर जाम की स्थिति बनाती है। इसी समस्या से निजात दिलाने के लिए मंत्रालय कैमरा बेस्ड टोलिंग सिस्टम शुरू करने जा रहा है।

## पिंक सहेली कार्ड लागू: बसों में कार्ड टैप करते ही मुफ्त यात्रा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**



नए साल से पहले दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों में मुफ्त यात्रा के लिए पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड का महिलाओं का लंबा इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। दिल्ली सरकार जनवरी के पहले सप्ताह से दिल्ली में रहने वाली पात्र महिलाओं को स्मार्ट कार्ड वितरित करके इस योजना को शुरू करने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक एक लंबी प्रक्रिया के बाद, दिल्ली परिवहन विभाग ने स्मार्ट कार्ड जारी करने के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक और मफिन पेमेंट्स बैंक को अंतिम रूप दे दिया है। यह उन महिलाओं के लिए झटका है जिनका दिल्ली का आधार कार्ड नहीं है। दिल्ली सरकार के मुताबिक पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड दिखाने के बाद महिलाओं को बसों में टिकट लेने की जरुरत नहीं होगी। कंडक्टर के पास मौजूद इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन पर कार्ड टैप करते ही यात्रा रिकॉर्ड हो जाएगी। इससे टिकटों की लंबी कतारें, कागजी कार्रवाई और टिकट खरीदने की परेशानी खत्म होगी। सरकार ने कहा कि यह असीमित मुफ्त यात्रा सुविधा होगी, जिससे कामकाजी महिलाओं, छात्राओं और बुजुर्ग महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा। आवेदन करने के लिए दिल्ली के पते वाला आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज होगा।

## आशीष सूद ने स्वच्छता व्यवस्था का किया निरीक्षण, कूड़ा घरों के स्थानांतरण के दिए निर्देश

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या-107 में डीएवी पब्लिक स्कूल के सामने और पीएम सोसायटी के पास स्वच्छता व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एफसीटीएस सहित क्षेत्र की अन्य स्वच्छता व्यवस्थाओं की स्थिति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद शहरी विकास मंत्री ने कहा कि उन्होंने नगर निगम के उपायुक्त को निर्देश दिए हैं कि दोनों स्थानों के कूड़ा ढलावों के सामने शीघ्र व्यू-कटर लगाए जाएं जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों को कूड़ा दिखाई न दे। उन्होंने एमसीडी के उपायुक्त को यह भी निर्देश दिए कि डीएवी पब्लिक स्कूल और पीएम सोसायटी के सामने स्थित दोनों कूड़ा ढलावों को रिहायशी क्षेत्र से हटाकर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए स्टडी कर संभावित स्थान की तलाश करें। विकास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुव्यवस्थित राजधानी के संकल्प के लिए निरंतर बहुस्तरीय प्रयास कर रही है। इसी क्रम में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्री नियमित रूप से निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली नगर निगम को वित्तीय रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए 175 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जा चुका है।



## फटाफट खबरें



### गौतमबुद्ध नगर में घने कोहरे और शीतलहर का कहर, 1 जनवरी तक सभी स्कूल बंद

**नोएडा, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** गौतमबुद्ध नगर में बढ़ते प्रदूषण, घने कोहरे और कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर के निर्देश पर बोर्ड से मान्यता प्राप्त जिले के सभी स्कूलों को चार दिनों के लिए बंद करने का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश रविवार देर रात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, जनपद में संचालित सभी मान्यता प्राप्त स्कूल (चाहे सीबीएसई, आईसीएसई, आईबी, यूपी बोर्ड या कोई भी बोर्ड हो) नर्सरी से 12वीं कक्षा तक 1 जनवरी 2026 तक बंद रहेंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय घने कोहरे, अत्यधिक ठंड और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि परिषदीय, अशासकीय और राजकीय विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाएं और कर्मचारी यथावत विद्यालय में उपस्थित रहेंगे और अपने प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे। आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। रविवार देर रात आदेश जारी होने के कारण सोमवार सुबह स्थिति थोड़ी अव्यवस्थित रही।

### दिग्विजय सिंह के बयान से कांग्रेस टुकड़े-टुकड़े हुई : शहजाद पूनावाला



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के सोशल मीडिया पोस्ट पर भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी टुकड़े-टुकड़े में बंट गई है। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में पूनावाला ने कहा कि दिग्विजय सिंह के बयान पर कांग्रेस पार्टी अपना मानसिक संतुलन खो चुकी है और मणिकम टैगोर ने संघ के बारे में जिस तरह की टिप्पणियां की हैं, वह उनके वैचारिक खोखलेपन को दिखाता है। मणिकम टैगोर को याद दिलाना चाहिए कि अफजल गुरु, याकूब, बुरहान वानी, बाटला हाउस एनकाउंटर या नक्सलियों जैसे मामलों में उन्हें शहीद और मासूम नजर आते हैं। लेकिन राष्ट्रवादी संगठनों में वे आतंकवादियों को देखते हैं। उन्होंने सवाल किया कि प्रणब मुखर्जी, क्या वह किसी राष्ट्रवादी संगठन के हेडक्वार्टर गए थे या किसी आतंकवादी संगठन के? जब नेहरू ने गणतंत्र दिवस पर संघ को बुलाया था, तो क्या उन्होंने किसी आतंकवादी संगठन को बुलाया था? महात्मा गांधी, जेपी ने उनकी तारीफ की थी। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या कांग्रेस सांसद उनसे ज्यादा ज्ञानी हैं?

# ग्रेटर नोएडा में घरेलू विवाद: पति ने पत्नी को चाकू मारकर की हत्या, फिर खुद लगाई फांसी



**» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

ग्रेटर नोएडा से एक सनसनीखेज और हृदयविदारक घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। थाना बिसरख क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती कुंज इलाके में घरेलू क्लेश के चलते एक पति ने पहले अपनी पत्नी की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी और उसके बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

यह घटना 28 दिसंबर की बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अनिल पुत्र जोगेंद्र पाल (35), निवासी सकरौली, जनपद एटा के रूप में हुई है। अनिल अपनी पत्नी अनीता (32) के साथ पिछले करीब एक महीने से सरस्वती कुंज, बिसरख में किराए के मकान में रह रहा था। अनिल एक सोसाइटी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था, जबकि उसकी पत्नी अनीता आसपास के इलाकों में साफ-सफाई का काम करके परिवार का भरण-पोषण कर रही थी।

बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था। रविवार को किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि अनिल ने आपा खो दिया। गुस्से में आकर उसने पहले अनीता के साथ मारपीट की और फिर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। अनीता की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी की हत्या करने के बाद अनिल ने भी घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना की जानकारी आसपास के लोगों को तब हुई, जब काफी देर तक घर से कोई हलचल नहीं हुई। इसके बाद, पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बिसरख थाना पुलिस ने दरवाजा खोलकर देखा तो अंदर का दृश्य बेहद भयावह था।

एक तरफ अनीता का खून से लथपथ शव पड़ा था, जबकि दूसरी ओर अनिल फंदे से लटका हुआ मिला।

पुलिस ने तत्काल फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कराया। आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए और दोनों शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू कलह का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर मनोचिकित्सक से इलाज करवाएं : प्रवीण खंडेलवाल



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर पर संघ की तुलना अल-कायदा से करने पर पलटवार किया और कहा कि उन्होंने मानसिक संतुलन खो दिया है। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि संघ को किसी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। संघ अपना कार्य कर रहा है, पूरी देश-दुनिया देखती है। टैगोर ने यह कहकर मानसिक संतुलन खो दिया है, उन्हें मनोचिकित्सक को दिखाना चाहिए। संघ की देश के प्रति प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है। टैगोर चाटुकारिता के प्रतीक हैं, गांधी परिवार की चाटुकारिता के अलावा कुछ नहीं करते हैं।

राहुल गांधी पर भाजपा सांसद ने कहा कि उन्हें पुरस्कार मिलेगा, जब उनके नेतृत्व में कांग्रेस हार का शतक लगाएगी। उनके बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिल्कुल सही बात कही है कि कांग्रेस की दुर्गति इतनी नहीं हुई, जितनी उनके नेतृत्व में हुई है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने काम किया है। भारत विश्व के मानचित्र पर मजबूत पहचान बनाने में सफल हुआ है।

## डिजिटल अरेस्ट और निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले दो मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के इंटर स्टेट सेल (आईएससी) ने एक बड़े साइबर फ्रॉड नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आईएससी की यह कार्रवाई साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट स्कैम और फर्जी निवेश योजनाओं के जरिए करोड़ों रुपए की मनी ट्रेल को ठिकाने लगाने से जुड़े मामलों में की गई है। ऑपरेशन को इंस्पेक्टर कमल कुमार और सतेंद्र खारी ने एसीपी आईएससी रमेश लांबा की कड़ी निगरानी में अंजाम दिया।

पहला मामला बैंक एन्क्लेव, नई दिल्ली निवासी एक व्यक्ति को फर्जी ऑनलाइन निवेश योजना के जरिए 31.45 लाख रुपए की ठगी का था, जिसमें इसने पीड़ित को एक फर्जी व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर एक ऐप इंस्टॉल कराया और ज्यादा मुनाफे का लालच देकर छह अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर करवाई।

# उन्नाव रेप केस में सुप्रीम कोर्ट से पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद: अलका लांबा

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**



कांग्रेस नेता अलका लांबा ने उन्नाव रेप केस मामले में उम्मीद जताई है कि पीड़िता को सुप्रीम कोर्ट ने न्याय मिलेगा। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान अलका लांबा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि मैं यहां आई हूं और मुझे कार से निकलने नहीं दिया जा रहा है। मैं पीड़िता को हिम्मत देने आई थी।

उन्होंने कहा कि मैं देश से अपील करती हूं कि इस तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाएं। बेटियों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। अंकिता भंडारी के माता-पिता भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। मैंने हाथरस पीड़िता के भाई से भी बात की है और वह भी न्याय का इंतजार कर रहा है।

सोशल एक्टिविस्ट योगिता भयाना ने कहा कि हमें उम्मीद है कि इतने लंबे संघर्ष के बाद न्याय मिलेगा। सबसे पहले, मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने इस मामले को इतनी जल्दी खुद संज्ञान में लिया, वेकेशन बेंच और चीफ जस्टिस ने इस पर तुरंत ध्यान दिया। हमें उम्मीद है कि हाईकोर्ट का आज का फैसला पलट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीड़िता को उम्मीद है कि उसे इंसाफ मिलेगा। उसकी सेहत स्थिर है, और अभी वह कोर्टरूम में है क्योंकि वह अपनी लड़ाई खुद लड़ना चाहती है। मुझे यकीन है कि सुप्रीम कोर्ट इस लड़की को इंसाफ देगा।

उन्नाव रेप पीड़िता की मां ने मीडिया से कहा कि मुझे सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है। हाईकोर्ट पर भी भरोसा है, लेकिन हाईकोर्ट में कुछ जजों ने मेरे साथ सही बर्ताव नहीं किया और मुझे सही जवाब नहीं दिए। मुझे विश्वास है कि सुप्रीम कोर्ट मुझे न्याय दिलाएगा।

सुप्रीम कोर्ट सीबीआई की उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा कुलदीप सिंह सेंगर को दी गई उम्रकैद की सजा को निलंबित किया गया था। दूसरी ओर रविवार को कई सामाजिक संस्थाओं ने उन्नाव रेप मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था।

## देहरादून में छात्र की हत्या को लेकर गुस्से का माहौल, सीएम धामी ने की निंदा

**» देहरादून, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

त्रिपुरा में दुख और गुस्से का माहौल था, जब उत्तराखंड के देहरादून जिले में बेरहमी से हमला किए जाने के बाद एक युवा आदिवासी छात्र का शव राज्य में वापस लाया गया। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी ने नस्लीय हमले में त्रिपुरा के छात्र की हत्या की निंदा करते हुए कहा कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और आरोपियों में से एक जो अभी फरार है, उसे जल्द हिरासत में ले लिया जाएगा। त्रिपुरा के उनाकोटी जिले के नंदनगर के रहने वाले 24 साल के एमबीए फाइनल ईयर के छात्र एंजेल चकमा की देहरादून में एक नस्लीय हमले में चाकू लगने से मौत हो गई थी। 9 दिसंबर को एंजेल और उसके छोटे भाई माइकल को कुछ लोगों के एक ग्रुप ने रोका, उन पर नस्लीय टिप्पणियां कीं..

## कांग्रेस में बड़ा संगठनात्मक फैसला, संदीप दीक्षित बने रचनात्मक कांग्रेस के अध्यक्ष

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** कांग्रेस संगठन में एक अहम सांगठनिक बदलाव करते हुए पार्टी नेतृत्व ने वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित को रचनात्मक कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। रचनात्मक कांग्रेस को पहले आउटरीच सेल के नाम से जाना जाता था, जिसे अब एक नए स्वरूप और विस्तृत भूमिका के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से यह जानकारी दी गई। बयान पर एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह नियुक्ति पार्टी की वैचारिक और नीतिगत मजबूती को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की है।



## कांग्रेस में संगठनात्मक कमजोरी, गुटबाजी बहुत, उदित राज ने सवाल उठाए

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के बयानों के बाद पूर्व सांसद उदित राज ने स्वीकार किया है कि पार्टी में संगठनात्मक कमजोरी है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि पार्टी में बहुत ज्यादा गुटबाजी है और इसी कारण 10-10 साल तक जिला अध्यक्ष तय नहीं हो पाए।

उदित राज से दिग्विजय सिंह के बयानों को लेकर सवाल किया गया था। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में जवाब दिया कि पार्टी में संगठनात्मक कमजोरी न होती तो हम बार बार चुनाव नहीं हारते।

उन्होंने कहा, संगठनात्मक कमजोरी है और उसमें कोई दोराय नहीं है। 10-10 साल तक जिला अध्यक्ष तय नहीं कर पाए, क्योंकि तय होता था तो गुटबाजी के कारण दूसरा या तीसरा ग्रुप रोकता था। उन्होंने आगे कहा, आत्मचिंतन करना एक स्वस्थ लोकतंत्र है। पता नहीं यहां आत्मचिंतन करने को लोग विरोध समझते हैं, पार्टी में टूट समझते हैं। हालांकि, उदित राज ने अपने बयान में कहा कि चर्चा करना कांग्रेस की परंपरा है। कांग्रेस की परंपरा ही ऐसी है कि हम आत्मचिंतन करते हैं। अभी हम अपनी कमियों को दूर कर रहे हैं। इससे पहले, दिग्विजय सिंह संगठनात्मक कमजोरी के बारे में कह चुके हैं। पिछले दिनों उन्होंने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में भी संगठन की मजबूती को लेकर अपनी बात उठाई।

कर्नाटक में बुलडोजर एक्शन पर कांग्रेस नेता ने कहा, सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए सभी जगह बुलडोजर चलता है। किसी जाति और धर्म के आधार पर बुलडोजर चलाना और गिराना अलग बात है। लेकिन कर्नाटक में सरकारी संपत्ति खाली कराने के लिए बुलडोजर चला है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# नर्सिंग छात्राओं के यौन शोषण के आरोप बेहद गंभीर, दोषियों पर तुरंत कार्रवाई हो: बृजलाल बहबलपुरिया

» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 29 दिसम्बर। खुशी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कागसर (नारनौंद, हिसार) की नर्सिंग छात्राएं कॉलेज में हुए यौन शोषण एवं मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोपों को लेकर धरने पर बैठी हैं। छात्राओं ने इस संबंध में लिखित शिकायत प्रशासन को सौंपते हुए मांग की है कि शिक्षा की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। छात्राओं का कहना है कि कॉलेज में पढ़ाई के नाम पर उनका शोषण किया गया, डर और दबाव का माहौल बनाया गया तथा शिकायत करने पर उन्हें डिग्री, परीक्षा और प्रैक्टिकल में नुकसान पहुंचाने की धमकियां दी गईं। छात्राओं ने स्पष्ट किया कि वे किसी भी सूरत में अपराधियों को बचाने की कोशिश स्वीकार नहीं करेंगी और नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं पर यौन शोषण करने वाले दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ही शांतिपूर्ण धरने पर बैठी हैं।





धरना स्थल पर पहुंचकर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) हिसार के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें कांग्रेस पार्टी की ओर से पूरा समर्थन देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि छात्राओं के साथ यौन शोषण जैसे गंभीर अपराध पर चुप्पी साधना अपराध में भागीदारी के समान है। कांग्रेस पार्टी पीड़ित छात्राओं के साथ मजबूती से खड़ी है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखेगी।

इस अवसर पर कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य भाई राजेश संदलाना, वरिष्ठ नेता अनूप सिंह सरसाना वरिष्ठ नेता वजीर सिंह पुनिया रिटायर्ड एम्पलाइज सैल प्रदेश उपाध्यक्ष रणधीर सिंह बामल भी उपस्थित रहे। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि कल शाम तक छात्राओं की शिकायतों पर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

बृजलाल बहबलपुरिया ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होती है, तो कांग्रेस पार्टी छात्राओं के साथ मिलकर बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और न्याय से कोई समझौता नहीं होगा।

## बंद करो पूरा व्यापार, भारत के तगड़े ऐलान से घुटनों पर आया बांग्लादेश

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** बांग्लादेश एक के बाद एक अपनी सारी हदें पार करता जा रहा है। दरअसल शायद बहुत ही कम लोग जानते हैं कि बांग्लादेश की पूरी जूट इंडस्ट्री असल में भारत के कंधों पर चलती है। जूट की खेती के लिए बांग्लादेश पूरी तरह भारत पर निर्भर है। हाई क्वालिटी, हाई यल्डिंग और डिसीज रेजिस्टेंट जूट के बीज भारत एक्सपोर्ट करता है। भारत ही इन्हीं बीजों से पैदा हुई बांग्लादेशी जूट बड़ी मात्रा में वापस खरीदता है। जिस हाथ से बीज खरीदा उसी हाथ को काटने की कोशिश की गई। यहां सबसे बड़ा विरोधाभास है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा जूट उत्पादक देश है। सालाना उत्पादन 2 मिलियन टन है। भारतीय मिल्स, भारतीय फैक्ट्रियां, बांग्लादेशी जूट पर बड़े स्तर पर निर्भर हो चुकी हैं। और इसका फायदा उठाते हुए सितंबर 2025 में बांग्लादेश ने भारत के लिए रॉ जूट का एक्सपोर्ट बंद किया। बताया गया कि ये भारत के उस फैसले का बदला है जिसमें भारत ने बांग्लादेश से फिनिश्ड जूट गुड्स का इंपोर्ट बंद किया। अब असल वजह यह है कि बांग्लादेशी मैन्युफैक्चरर्स भारत में जूट प्रोडक्ट की डंपिंग कर रहे थे बेहद सस्ते दामों पर। नतीजा भारतीय जूट प्रोडक्ट का मार्केट खत्म हो रहा था। भारतीय मिल्स घाटे में जा रही थी। लाखों वर्कर्स की नौकरी खतरे में थी। इसी मजबूरी में भारत को फिनिश जूट गुड्स पर रोक लगानी पड़ी। यानी जब कोई व्यापार के नाम पर वार करे, तब जवाब भी व्यापार से दिया जाता है। बांग्लादेश से रॉ जूट सप्लाई बंद होते ही भारतीय मिल्स को महंगी भारतीय जूट पर जाना पड़ा। प्रोडक्शन कॉस्ट कई गुना बढ़ गई। कई फैक्ट्रियों में उत्पादन घट गया। नतीजा लाखों जूट वर्कर्स की नौकरियां खतरे में आ गई। हालांकि यह सच है कि यह सप्लाई शॉर्ट टर्म में रुकी है।

# डॉ. संजीव कुमारी व शिखा कुमारी द्वारा लिखित पुस्तक इंडिया बुक ऑफ रिकॉड में दर्ज

» **प्रमोद कौशिक**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 29 दिसम्बर। विभिन्न विधाओं में अपनी सृजनयात्रा का लोहा मनवा चुकी गांव ढाणी पाल हांसी हरियाणा में जन्मी प्रतिष्ठित लेखिका डॉ. संजीव कुमारी एवं शिखा कुमारी का संयुक्त प्रयास एक बार फिर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में विशेष उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ है। जिसमें सह लेखक के रूप में डॉ. राकेश छोकर की भूमिका भी है। कई राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियां प्राप्त कर चुकी लेखिका बहनों ने देश के अनूठे और पर्यटन के तौर पर सर्वश्रेष्ठ घोषित हो चुके ब्यावर, राजस्थान के गांव देवमाली और आराध्य देव भगवान देवनारायण के संदर्भ में ह्वदेवमाली: आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक सरोकारह्ल पुस्तक का सृजन किया। जो दिसंबर 2025 में धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में विमोचित की गई थी।



लेखिकाओं के इस विशिष्ट प्रयास की चहुं ओर प्रशंसा हो रही हैं। विदित हो कि इससे पूर्व भी लेखिकाओं ने ह्वविष्णु अवतार श्री देवनारायणह्ल व श्री देवनारायण फड़ कथा पुस्तकें लिखी हैं जिनको इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में विशेष उपलब्धि के रूप में दर्ज कर किया गया है। डॉ. संजीव कुमारी की 15 में से 6 पुस्तकें इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हैं। शिखा कुमारी की 5 में से 2 पुस्तकें इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हैं जो अपने आप में इतिहास रचती हैं। इसके अलावा अन्य विधाओं व भाषाओं (हिंदी, हरियाणवी, राजस्थानी, ब्रज व पंजाबी) में जो पुस्तकें सृजित हैं उनमें से ह्वझड़ते पत्तेह्ल हरियाणा साहित्य अकादमी पंचकूला द्वारा श्रेष्ठ कृति व अन्य पुस्तकें केई गैर सरकारी सम्मान पा चुकी हैं। दोनों ही बहनें लेखन के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी अपनी योग्यता का परचम लहरा चुकी हैं। उनकी इस बेहतरीन उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी व्याप्त है। सम्मानित जन उन्हें बधाई प्रेषित कर रहे हैं।

## देहरादून में त्रिपुरा के छात्र की हत्या की जांच हो, आरोपियों को मिले सजा : कांग्रेस

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** कांग्रेस ने उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में त्रिपुरा के छात्र की चीनी कहकर हत्या किए जाने की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मामले की गहन जांच कर दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की है। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देहरादून में पूर्वोत्तर से पढ़ने आये त्रिपुरा के एंजेल चकमा की गुंडों ने पीटकर हत्या कर दी।

उसे चीनी कहा गया और आश्चर्य की बात यह है कि पुलिस ने 12 दिन तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की आखिर जब स्थानीय लोग सड़कों पर उतरे तो प्राथमिकी दर्ज की गयी। उनका कहना था कि इस मामले की जांच होनी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब युवक की पिटाई हो रही थी तो उसके शब्द थे ह्लमैं भारतीय हूं। मैं चीन से नहीं आया हूं। मैं भारतीय हूं, चीनी नहीं। पूर्वोत्तर के लोग भारतीय हैं, चीनी नहीं। ये शब्द 9 दिसंबर को त्रिपुरा के 24 साल के युवक एंजेल चकमा को देहरादून में कहने पड़े जब उसकी पिटाई हो रही थी। एक दिन जब एंजेल चकमा अपने भाई के साथ बाजार से वापस आ रहे थे, तभी हमेशा की तरह कुछ लोगों ने उसको छेड़ा और उसे चाइनीज कहा।

उस दिन एंजेल ने जवाब देते हुए कहा-मैं भारतीय हूं, मैं चीनी नहीं हूं। मैं भारतीय होने का क्या प्रमाण दूं। एंजेल चकमा ने जब यह जवाब दिया तो 5 लोगों ने उस पर पीछे से वार कर उसकी हत्या कर दी एंजेल 14 दिन तक जिंदगी के लिए लड़ा लेकिन अफसोस की बात है कि वह अब हमारे बीच नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एंजेल चकमा के साथ हुई हिंसा में कुछ ऐसी जानकारियां आई हैं, जो बेहद चिंताजनक है। एंजेल चकमा के परिवार के सदस्यों ने बताया कि स्थानीय पुलिस को प्राथमिकी और शिकायत दर्ज करने में पुलिस ने तत्परता नहीं दिखाई।

## नौसेना का स्वदेशी पाल नौकायन पोत कौंडिन्य पहली विदेश यात्रा पर ओमान रवाना

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** नौसेना के पारंपरिक तरीके से सिले हुए स्वदेशी पाल नौकायन पोत आईएनएस कौंडिन्य ने सोमवार को गुजरात के पोरबंदर से ओमान सल्तनत के मस्कट के लिए अपनी पहली विदेशी समुद्री यात्रा शुरू की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पोत को बनाने वाली टीम को बधाई देते हुए इसके चालक दल को सुरक्षित और यादगार यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह ऐतिहासिक अभियान जीवंत समुद्री यात्रा के माध्यम से भारत की प्राचीन समुद्री विरासत को पुनर्जीवित करने, समझने और उसे मनाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि आईएनएसवी कौंडिन्य पोरबंदर से ओमान के मस्कट के लिए अपनी पहली समुद्री यात्रा पर रवाना हो रहा है।

प्राचीन भारतीय सिले हुए जहाज की निर्माण तकनीक से बना यह पोत भारत की समृद्ध समुद्री परंपराओं को उजागर करता है।

इस विशिष्ट पोत को साकार करने में लगे डिजाइनरों, कारीगरों, जहाज निमार्ताओं और भारतीय नौसेना के समर्पित प्रयासों के लिए मैं उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं।

## सुशासन दिवस पर गवर्नमेंट आईटीआई बरवाला में भव्य आयोजन

» **हरियाणा, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

माय भारत केंद्र, हिसार द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस का आयोजन गवर्नमेंट आईटीआई बरवाला के प्रांगण में बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया।




इस कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के मुखिया प्रवीण डाबला ने किया। आयोजन में आईटीआई के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुशासन दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षा मित्र एजुकेशन सोसाइटी, बरवाला ने सहयोगी संस्था के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर माय भारत केंद्र, हिसार की ओर से एनवाईवी सोमबीर एवं विजय कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के विचारों एवं सुशासन के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# अदालत परिसर में अधिवक्ता से कथित अभद्रता, जान से मारने की धमकी का आरोप

### पीड़ित वकील ने आपराधिक शिकायत दर्ज कराई, बार एसोसिएशन व बार काउंसिल से कार्रवाई की मांग

» **हरियाणा, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

हिसार की अदालत परिसर में अधिवक्ताओं के बीच हुए कथित दुर्व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 दिसंबर 2025 को माननीय ईशा खत्री, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हिसार की अदालत में मौजूद अधिवक्ता अरुण बंसल के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया। आरोप है कि उसी अदालत में अपने एक अन्य मामले की पैरवी के दौरान उपस्थित अधिवक्ता अपूर्व गुप्ता ने



अरुण बंसल की ऊनी टोपी उतार दी और खुले तौर पर मां से जुड़े अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। इतना ही नहीं, जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। बताया गया कि घटना के समय न्यायधीश फैमिली कोर्ट, हिसार अपने रिटायरिंग रूम में थीं।

बताया जाता है कि अपूर्व गुप्ता पर इससे पूर्व भी बार एसोसिएशन हिसार की एक महिला अधिवक्ता के साथ अभद्रता करने के आरोप लग चुके हैं। उस मामले में महिला अधिवक्ता की लिखित शिकायत पर बार एसोसिएशन हिसार की आम बैठक बुलाई गई थी, जिसमें उपस्थित अधिवक्ताओं ने कथित कृत्य की कड़ी निंदा की थी और अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग उठी थी। ताजा मामले में पीड़ित अधिवक्ता अरुण बंसल ने अपने साथ हुए कथित दुर्व्यवहार और जान से मारने की धमकी को लेकर संबंधित न्यायालय में आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच और दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने बार एसोसिएशन हिसार को भी घटना से जुड़े सभी तथ्यों को लिखित रूप में सौंपते हुए संगठन स्तर पर उचित कदम उठाने का अनुरोध किया है।

अरुण बंसल ने बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा, चंडीगढ़ को भी पूरे प्रकरण की जानकारी भेजकर स्वतः संज्ञान लेने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि आर्थिक संसाधनों के अभाव में वे स्वयं मामले की पैरवी का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं, इसलिए न्याय की उम्मीद में उन्होंने बार एसोसिएशन और बार काउंसिल से सहयोग की अपील की है।

# बिजली कनेक्शन के इंतजार में ई सुविधा केंद्र

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।

वादकारियों और अधिवक्ताओं की सुविधा के उद्देश्य से कोर्ट परिसर में स्थापित किया गया ई सुविधा केंद्र एक वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो सका है। इसका कारण बिजली का कनेक्शन नहीं मिल पाना है। हाईकोर्ट की निगरानी में तैयार यह केंद्र सभी जरूरी ढांचागत सुविधाओं से लैस है, लेकिन बिजली आपूर्ति न होने से इसका संचालन ठप पड़ा है। इससे न्यायिक कार्यों को डिजिटल माध्यम से जोड़ने की योजना फिलहाल अधूरी नजर आ रही है।

कोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि ई सुविधा केंद्र के लिए बनाए गए पोटा केबिन का निर्माण जिस कंपनी द्वारा किया गया है, उसी को बिजली कनेक्शन की व्यवस्था भी करनी है। हालांकि कंपनी के कर्मचारियों का कहना है कि कोर्ट प्रशासन द्वारा बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। इस आपसी समन्वय की कमी के कारण मामला अटका हुआ है। अधिकारी के अनुसार इस संबंध में उच्च न्यायालय इलाहाबाद को पत्र भेजा गया है और वहां से निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उम्मीद जताई जा रही है कि नए वर्ष में ई फाइलिंग समेत अन्य सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी। ई सुविधा केंद्र का निर्माण मुंबई की एक विशेषज्ञ एजेंसी द्वारा किया गया है। इसके शुरू होने से वर्चुअल कोर्ट से जुड़ी जानकारी, वाहन चालान का भुगतान, ई फाइलिंग, याचिकाओं की स्कैनिंग और ऑनलाइन स्टांप खरीद जैसी कई सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाएंगी।

इससे वादकारियों और अधिवक्ताओं को अलग-अलग काउंटरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और समय की भी बचत होगी। यह केंद्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित है। कोर्ट प्रशासन का मानना है कि इसके संचालन से न्याय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज और सुविधाजनक बनेगी।

# उद्योग हितैषी फैसलों से बिजनेस हुआ आसान

## सरकार ने लागू किए व्यापारिक सुधार : रेखा गुप्ता

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि उद्योग हितैषी फैसलों और व्यापारियों के साथ लगातार बातचीत के कारण राजधानी में बिजनेस करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हुआ है। बीते 10 महीनों में सरकार ने लाइसेंसिंग सरलीकरण, सिंगल विंडो सिस्टम और कई अहम व्यापारिक सुधार लागू किए हैं। झिलमिल में फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया के शताब्दी वर्ष समारोह में मुख्यमंत्री ने व्यापारियों की भूमिका की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का फोकस इज ऑफ डूइंग बिजनेस को जमीन पर मजबूत करने पर है। उद्योग बस मुनाफे का जरिया नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ और लाखों परिवारों के रोजगार का आधार हैं। सरकार उद्योगों को गति देने और स्थायी बनाने के लिए व्यावहारिक और उद्योग हितैषी फैसले ले रही है। इसलिए 10 माह के भीतर लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं को सरल बनाया है, ताकि उद्यमियों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

### दिल्ली में तीन नए औद्योगिक क्षेत्र बनेंगे

उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया 100 साल में 80 फैक्ट्रियों से करीब 2,000 औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचा है। औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज और स्ट्रीट लाइट्स के लिए 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। जल्द दिल्ली में तीन नए औद्योगिक क्षेत्र बनेंगे, जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, विधायक अनिल गोयल, संजय गोयल और बड़ी संख्या में उद्योग जगत के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### बोर्ड के जरिये व्यापारी अपनी समस्याएं पहुंचाएं- सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के जरिए व्यापारी अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे सरकार तक पहुंचाएं। ग्रीन कैटेगरी के उद्योगों के अनुमोदन की अवधि 120 दिन से घटाकर 20 दिन कर दी गई है। यदि तय समय में अनुमति नहीं मिली तो ये स्वतः स्वीकृत हो जाएंगे। माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज को 10 करोड़ रुपये तक का कोलैटरल-फ्री लोन मिलेगा। जीएसटी को फेसलेस ऑपरेशन और तेज रिफंड प्रक्रिया के निर्देश दिए गए हैं।

# निजी अस्पताल के ओटी में लगी आग, दमकल की 8 गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।

दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित मधुकर रेनबो चिल्ड्रेन्स अस्पताल में रविवार सुबह आग लग गई। पहली मंजिल पर मौजूद ओटी में धुआं उठा तो अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची। अस्पताल में मौजूद मरीजों को सुरक्षित जगहों पर भेजकर राहत और बचाव का काम शुरू हुआ।

करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह आ पर काबू पा लिया गया। धुएं की वजह से अस्पताल में लोग बुरी तरह डर गए थे।



हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। मालवीय नगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुरूआती जांच के बाद आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी।

क्राइम टीम व एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ओटी के अस्पताल के अलावा बाकी स्टाफ से भी जानकारी जुटा रही है।

### मरीज का इलाज कर लौट रहे डॉक्टर को लूटा, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। मरीज का उपचार करके अस्पताल से लौट रहे जहांगीरपुरी निवासी डॉक्टर राम भरोसे (70) को आजादपुर सब्जी मंडी के पास नाबालिग समेत तीन लोगों ने लूट लिया। देर रात करीब 12:30 बजे हुई वारदात से डॉक्टर सदमे में हैं और वह पुलिस से सवाल कर रहे हैं क्या देर रात मरीज का उपचार करने जाना भी अब शहर में सुरक्षित नहीं। पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर नाबालिग समेत दो बदमाशों को दबोच लिया है।

बालिग बदमाश की पहचान बंगाली बस्ती, शाहबाद डेयरी निवासी साहिल उर्फ कुल्ली (19) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस तीसरे आरोपी की तलाश कर रही है। उत्तरी-पश्चिमी जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सिकंदर सिंह ने बताया कि वारदात वाले दिन राम भरोसे मरीज को देखकर पैदल अपने घर लौट रहे थे।

# पति, सास पर चाकू से हमला करने का आरोप, प्राथमिकी



गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 दिसम्बर। कविनगर के गोविंदपुरम इलाके में विवाहिता ने अपने पति व सास पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है। दोनों के खिलाफ कविनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामले की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सोनिया ने बताया कि उनकी शादी रचित कुटेल से हुई थी। रचित व उसकी मां बोबी उनको शादी के बाद परेशान करने लगे। इसी वजह से उन्होंने कोर्ट में मुकदमा डाल दिया। इसके बाद आरोपी उनके घर आए। दोनों ने आश्वस्त किया कि वह उनको परेशान नहीं करेंगे। वह मुकदमा वापस ले ले। उनपर भरोसा करके उन्होंने मुकदमा वापस ले लिया। इसके बाद वह ससुराल चली गईं। आरोप है कि 16 दिसंबर को दोनों मां बेटों ने उनको पीटा। उनके कान फट गए। उसके तीन दिन बाद आरोपियों ने उनको फिर पीटा। सिर दीवार में मारा और चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों की जान से मारने की योजना थी। तभी पड़ोसी आ गए तो वह उनको लेकर अस्पताल गए। अस्पताल में उनको दस टांके आए। अब उनको उपचार चल रहा है। इसके बाद आरोपी घर छोड़कर भाग गए। मामले में उन्होंने कविनगर पुलिस को सूचना दी।

# एमएमजी में बनी 50 साल पुरानी पानी की टंकी तोड़ेगा निगम

गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 दिसम्बर। जिला एमएमजी अस्पताल परिसर में स्थित करीब 50 साल पुरानी जर्जर पानी की टंकी को नगर निगम की ओर से ध्वस्त किया जाएगा। इसके चलते लंबे समय से हादसे का खतरा बना रहता है। नगर निगम ने करीब 22 लाख रुपये का अनुमानित खर्च तय किया है। इसका टेंडर जारी कर दिया गया है। जलकल विभाग के महाप्रबंधक केपी आनंद ने बताया कि एमएमजी अस्पताल की यह पानी की टंकी जर्जर हालत में है। अस्पताल प्रशासन की ओर से इसे हटाने की मांग लगातार उठाई जा रही है। टंकी के आसपास जिला महिला अस्पताल, मोर्चरी और आईओटी की ओर जाने वाला रास्ता है, जहां से रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही रहती है।

# डीटीयू अत्याधुनिक वाई-फाई और नेटवर्क की सुविधा से होगा लैस

स्मार्ट कैंपस स्थापित करने की दिशा में कदम

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) ने कैंपस को स्मार्ट बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। विश्वविद्यालय ने पूरे कैंपस को अत्याधुनिक वाई-फाई और नेटवर्किंग सिस्टम से अपग्रेड करने की योजना तैयार की है। इससे कैंपस में हाइब्रिड टीचिंग से लेकर डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा मिलेगा। डीटीयू ने अपने पूरे कैंपस में वाई-फाई और नेटवर्किंग इंफ्रास्ट्रक्चर को अत्याधुनिक बनाने के लिए निविदा जारी की है।

यह पहल पुराने और आउटडेटेड नेटवर्क सिस्टम को बदलकर एक सुरक्षित, तेज, स्केलेबल और केंद्रीकृत रूप से प्रबंधित स्मार्ट कैंपस नेटवर्क विकसित करना है, जो भविष्य की शैक्षणिक और शोध आवश्यकताओं को पूरा कर सके। विश्वविद्यालय में मौजूदा नेटवर्क 2011झ2015 के बीच स्थापित किया गया था, जो अब तकनीकी रूप से पुराना हो चुका है। इससे शैक्षणिक, प्रशासनिक और रेजिडेंशियल ब्लॉक जुड़े है। कई स्थानों पर कनेक्टिविटी की समस्याएं सामने आ रही हैं। बढ़ते छात्र, नए शैक्षणिक ब्लॉक और डिजिटल लर्निंग की जरूरतों को देखते हुए नेटवर्क का व्यापक आधुनिकीकरण आवश्यक हो गया है।

### शोध और नवाचार की गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

डीटीयू का यह कदम न केवल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगा बल्कि छात्रों,



### हाइब्रिड टीचिंग और ऑनलाइन लर्निंग के खुलेंगे नए रास्ते

विश्वविद्यालय की इस योजना के तहत कैंपस वाई-फाई 6/6ई या उससे उच्च तकनीक, 40जी बैकबोन (भविष्य में 100जी तक स्केलेबल), 10जी डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, एमजी वायरलेस और साइबर सुरक्षा से लैस होगा। इस नेटवर्क से हाइब्रिड टीचिंग, ऑनलाइन लर्निंग और रियल टाइम मॉनिटरिंग को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही नेटवर्क में उच्च स्तरीय साइबर सुरक्षा, नेक्स्ट जेनरेशन फायरवॉल, नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल, सुरक्षित वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन), डोमेन नेम सिस्टम (डीएनएस) सिक्योरिटी और केंद्रीकृत नेटवर्क मैनेजमेंट सिस्टम शामिल होंगे।

शिक्षकों और शोधकर्ताओं को एक सुरक्षित और उच्च गति वाला नेटवर्क सिस्टम मिलेगा। विश्वविद्यालय को स्मार्ट कैंपस के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

# पुजारी ने उधार दी रकम वापस मांगी, मिली धमकी

गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 दिसम्बर। कोटगांव में मंदिर के पुजारी को 3.30 लाख की रकम उधार देना महंगा पड़ा। आरोपी ने उनको पैसा लौटाने की बजाय जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में शैलेंद्र ने थाने में रामकिशन प्रजापति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। कोट गांव स्थित राधा माता वैष्णो देवी मंदिर में शैलेंद्र वाजपेयी पुजारी हैं। उन्होंने बताया कि वेवसिटी निवासी रामकिशन प्रजापति का मंदिर में आना जाना था। वह उनसे पहले कई बार पैसा उधार ले चुके थे, जिसको उन्होंने लौटाया नहीं। इसके बाद उनका विश्वास बढ़ता गया। 13 मई 2025 को रामकिशन आया और उसने कार हादसा होने की बात कहते हुए उनसे 3.30 लाख रुपये उधार मांगे। उनके पास इतनी रकम नहीं थी। इसलिए उन्होंने एक फाइनेंस कंपनी से लोन लेकर आरोपी को पैसा दे दिया। आरोपी ने 15 दिन में पैसा लौटाने की बात कही थी, लेकिन 15 दिन बीतने पर उसने पैसा नहीं लौटाया। आरोपी से तकादा किया, वह पहले तो टरकाता रहा। फिर उसने पैसा लौटाने से मना कर दिया और उनको जान से मारने की धमकी दी। इस बारे में एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाकर उनसे बात की जाएगी। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

इंदिरापुरम, यूटर्न/ 29 दिसम्बर। नौकरी के दौरान युवती से दोस्ती कर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। युवती ने आरोपी के खिलाफ इंदिरापुरम थाने में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवती ने बताया वह एक कंपनी में जॉब करती है। उसी कंपनी में वासू सिंघल भी काम करता है। काम के दौरान वासू से उनकी दोस्ती हो गई थी। बीते 25 मार्च 2024 को होली के दिन आरोपी उनके घर पर आया। उस दौरान घर पर वह अकेली थी। आरोपी ने उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा और कहा कि वह जल्द ही उससे शादी कर लेगा। शादी का झांसा देकर आरोपी ने युवती को अपने जाल में फंसा लिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी से शादी का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इन्कार कर दिया।

# पीएम सूर्य घर योजनाः 25 लाख घरों में बिजली, बड़ी उपलब्धि : प्रह्लाद जोशी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।

भारत ने स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब तक 25 लाख घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जा चुके हैं।

इससे लाखों परिवारों के बिजली के बिल कम हो रहे हैं और देश को टिकाऊ भविष्य की ओर बढ़ने में मदद मिल रही है। यह योजना फरवरी 2024 में शुरू की गई थी, जिसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2026-27 तक एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाना है। मौजूदा आंकड़ों के मुताबिक भारत इस लक्ष्य का लगभग 25 प्रतिशत हासिल कर चुका है। सरकार को उम्मीद है कि आने वाले समय में इस योजना की रफ्तार और तेज होगी। योजना को गति देने के लिए सरकार



ने इसमें एक नया अहम घटक जोड़ा है। इसके तहत यूटिलिटी-नेतृत्व वाला एग्रीगेशन मॉडल लागू किया जा रहा है। इस मॉडल में राज्य की बिजली वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) खुद उपभोक्ताओं की ओर से उनके घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित कर सकेंगी। इससे आम लोगों के लिए सोलर सिस्टम लगवाना आसान होगा और प्रक्रिया में आने वाली तकनीकी व प्रशासनिक दिक्कतें कम होंगी।

हालांकि, संसदीय स्थायी समिति (ऊर्जा) ने इस योजना को लेकर कुछ चिंताएं भी जताई हैं। समिति का कहना है कि जब तक राज्य सरकारें और उनकी डिस्कॉम पूरी तरह इस योजना से नहीं जुड़तीं, तब तक व्यापक स्तर पर प्रगति करना मुश्किल होगा। समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि योजना के धीमे क्रियान्वयन की सबसे बड़ी वजह जागरूकता की कमी है। कई लोग अब भी इस योजना के लाभों और प्रक्रिया के बारे में पूरी जानकारी नहीं रखते। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर राज्यों में जागरूकता अभियान तेज किए जाएं और डिस्कॉम की भागीदारी बढ़े तो आने वाले महीनों में रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन में तेजी आ सकती है। इससे न सिर्फ आम उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिलेगी, बल्कि देश की ऊर्जा जरूरतों में स्वच्छ स्रोतों की हिस्सेदारी भी बढ़ेगी।

# 1 जनवरी से ऑस्ट्रेलिया में भारतीय निर्यात पर शून्य शुल्क : पीयूष गोयल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि 100 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर एक जनवरी से ऑस्ट्रेलिया में जीरो ड्यूटी लगेगी और इससे अधिक श्रम उपयोग वाले उद्योगों को फायदा होगा। साथ ही कई उद्योगों के लिए नए अवसर खुलेंगे।

गोयल ने आगे कहा कि कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक कॉरपोरेशन एग्रीमेंट (सीईसीए) के लिए कई देशों के साथ भारत बातचीत कर रहा है। भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार समझौते से इंडो-पैसेफिक में देश की आर्थिक भागीदारी बढ़ रही है और यह मेक इन इंडिया और विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप है। भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते की तीसरी सालगिरह पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम एक ऐसी साझेदारी का जश्न मना रहे हैं जिसने इरादों को अवसर में बदला है।

गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, साथ मिलकर, भारत और ऑस्ट्रेलिया साझा समृद्धि और भरोसेमंद व्यापार का भविष्य बना रहे हैं। गोयल के अनुसार, पिछले तीन सालों में इस समझौते से लगातार



एक्सपोर्ट ग्रोथ, बेहतर मार्केट एक्सेस और मजबूत सप्लाई-चेन मिली है, जिससे भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई, किसानों और मजदूरों सभी को फायदा हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात 8 प्रतिशत बढ़ा, जिससे भारत का व्यापार संतुलन बेहतर हुआ। मैन्युफैक्चरिंग, केमिकल्स, टेक्सटाइल्स, प्लास्टिक, फार्मास्यूटिकल्स, पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स और रत्न और आभूषण जैसे क्षेत्रों में अच्छी बढ़ोतरी देखी गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा, कृषि निर्यात में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिसमें फल और सब्जियों, समुद्री उत्पादों, मसालों में अच्छी वृद्धि हुई और कॉफी के निर्यात में बड़ी बढ़त दर्ज की गई। अप्रैल-नवंबर 2025 में रत्न और आभूषण का निर्यात 16 प्रतिशत बढ़ा है।

# ओला इलेक्ट्रिक के लिए कठिन रहा 2025, मार्केट शेयर 50 प्रतिशत कम हुआ

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।

भारत के इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बाजार में 2025 में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इस दौरान मार्केट लीडर रही ओला इलेक्ट्रिक की बाजार हिस्सेदारी में 50 प्रतिशत तक की गिरावट देखने को मिली है। ओला इलेक्ट्रिक का मार्केट शेयर 2025 में कम होकर 16.1 प्रतिशत हो गया है, जो कि 2024 में 36.7 प्रतिशत था।

सरकारी वाहन पोर्टल के मुताबिक, ओला इलेक्ट्रिक ने 2025 में 1,96,767 वाहनों की बिक्री की है।

ओला इलेक्ट्रिक के मार्केट शेयर में गिरावट की वजह कंपनी के द्वारा ऑपरेशनल स्तर पर आने वाली चुनौतियां हैं, जिसमें डिलीवरी के बाद वाहनों की सर्विस में ग्राहकों को आने वाली परेशानी और प्रोडक्ट की क्वालिटी शामिल है।

ओला इलेक्ट्रिक लगातार नुकसान में बनी हुई है। कंपनी का कंसोलिडेटेड नुकसान वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में 418 करोड़ रुपए था।

इस दौरान कंपनी की कुल आय में भी गिरावट दर्ज की गई है और यह




सालाना आधार पर 43 प्रतिशत कम होकर 690 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही 1,214 करोड़ रुपए थी।

पहले की एक एक्सचेंज फाइलिंग में, कंपनी ने कहा था, ऑटो सेगमेंट के लिए, हम पहली तिमाही में गाइडेंस की तुलना में कम वॉल्यूम की उम्मीद करते हैं क्योंकि हम बहुत अधिक प्रतिस्पर्धी मार्केट में मार्जिन और नकद अनुशासन पर फोकस करना जारी रखे हुए हैं। ओला इलेक्ट्रिक के शेयर में लगातार गिरावट देखी जा रही है। बीते एक महीने में शेयर 13.77 प्रतिशत और छह महीने में 19 प्रतिशत तक फिसल गया है। इस साल की शुरूआत से अब तक शेयर में 59.44 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है।

# जी राम जी योजना से राज्यों को 17,000 करोड़ से ज्यादा का लाभ

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।

नई विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) योजना के तहत केंद्र और राज्यों के बीच फंड का बंटवारा तय मानकों के आधार पर किया जाएगा। इससे पिछले 7 वर्षों के औसत आवंटन की तुलना में राज्यों को करीब 17,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त लाभ मिल सकता है। यह बात सोमवार को जारी एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में कही गई है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के ग्रुप चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर डॉ. सौम्य कांति घोष ने बताया कि अगर केवल केंद्र के हिस्से का मूल्यांकन सात तय मानकों



के आधार पर किया जाए, तो ज्यादातर राज्यों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस अनुमान के तहत राज्यों को पिछले 7 वर्षों के औसत आवंटन से लगभग 17,000 करोड़ रुपए ज्यादा मिल सकते हैं।

रिपोर्ट में एक काल्पनिक (हाइपोथेटिकल) स्थिति बनाई गई है, जिसमें फंड बांटने के लिए समानता और काम करने की क्षमता, दोनों को बराबर महत्व दिया गया है।

इस व्यवस्था के दो मुख्य आधार बताए गए हैं। पहला, समानता यानी उन राज्यों को ज्यादा मदद देना, जहां जरूरत ज्यादा है, ग्रामीण आबादी अधिक है और प्रशासनिक जिम्मेदारी बड़ी है, ताकि वहां रोजगार की मांग पूरी हो सके। दूसरा, कामकाज की क्षमता यानी उन राज्यों को प्रोत्साहन देना, जो मिले हुए पैसे से स्थायी रोजगार पैदा करते हैं, टिकाऊ संपत्तियां बनाते हैं और मजदूरी समय पर देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन सात मानकों को न्याय और कार्यक्षमता के आधार पर बांटा गया है।

# सरकारी बैंकों में बोर्ड नियुक्तियों के लिए विजिलेंस जानकारी अनिवार्य

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए सख्त आदेश जारी किया है। मंत्रालय ने कहा है कि बोर्ड में शामिल पूर्णकालिक निदेशकों से जुड़ी सभी विजिलेंस (सतर्कता) जानकारी समय पर और पूरी तरह साझा की जानी चाहिए। किसी भी प्रकार की जानकारी छुपाना गंभीर लापरवाही मानी जाएगी। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने स्पष्ट किया कि बोर्ड स्तर की नियुक्तियों में विजिलेंस से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा न करना सरकार के लिए गंभीर चिंता का विषय है। हाल में कई मामलों में अधिकारियों के खिलाफ निजी शिकायतें, अदालतों की टिप्पणियां और जांच एजेंसियों की जानकारी समय पर सामने नहीं आई। डीएफएस ने कहा कि विजिलेंस क्लीयरेंस फॉर्म में कॉलम न होने का बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने यह भी कहा कि बोर्ड अधिकारी के खिलाफ पुराने या किसी अन्य पद से जुड़े गंभीर मामले भी रिपोर्ट करना अनिवार्य है। केवल वर्तमान बोर्ड भूमिका से जुड़े मामलों तक सीमित रखना स्वीकार्य नहीं है।

# सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ी, महंगे होंगे दाम

### सेंट्रल एक्साइज बिल, 2025 को संसद में मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** सेंट्रल एक्साइज (संशोधन) बिल, 2025 को हाल ही में संसद ने मंजूरी दी है। इस बिल के तहत सिगरेट, सिगार, हुक्का, खैनी और स्मोकिंग मिक्सचर जैसे तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क में भारी वृद्धि की गई है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने इसे पेश किया था। सरकार का उद्देश्य तंबाकू खपत को कम करना और स्वास्थ्य संबंधी खर्चों में कटौती करना बताया जा रहा है। बिल के अनुसार, सिगरेट पर लगने वाला उत्पाद शुल्क प्रति 1,000 स्टिक 200झ्र735 रुपये से बढ़कर 2,700झ्र11,000 रुपये हो जाएगा। खैनी पर शुल्क चार गुना बढ़कर 25 से 100 फीसदी होगा। हुक्का तंबाकू पर यह 25 फीसदी से बढ़कर 40 फीसदी हो जाएगा, जबकि स्मोकिंग मिक्सचर का शुल्क 60 फीसदी से 300 फीसदी तक बढ़ सकता है। अधिकारियों का अनुमान है कि 18 रुपये की सिगरेट की कीमत जल्द ही 72 रुपये तक पहुंच सकती है। सोशल मीडिया पर इस बढ़ोतरी को लेकर प्रतिक्रियाएं अलग-अलग हैं। कुछ धूम्रपान करने वाले इसे स्वागत योग्य मान रहे हैं और इसे छोड़ने की प्रेरणा बता रहे हैं। वहीं कुछ इसे सरकार का अत्यधिक हस्तक्षेप मान रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कीमतों में इतनी वृद्धि से तंबाकू की खपत में कमी आ सकती है, लेकिन गरीब और नियमित उपयोगकताओं पर असर ज्यादा पड़ेगा। इसके साथ ही लोग सस्ते या अवैध विकल्पों की ओर बढ़ सकते हैं।

# चीन में लांच हुआ शाओमी 17 अल्ट्रा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** चीन में शाओमी 17 अल्ट्रा स्मार्टफोन लॉन्च किया गया है। शाओमी का ये फोन शाओमी 15 अल्ट्रा का सक्सेसर है, जो इस साल की शुरूआत में लॉन्च हुआ था। ये कंपनी की शाओमी 17 सीरीज का चौथा फोन है। ये फोन स्नैपड्रेगन 8 इलाइट जेन 5 प्रोसेसर के साथ आता है। फोन में लेइका ट्यून्ड रियर कैमरा सेटअप मिलेगा, जो 50एमपी के मेन कैमरा और 200एमपी के टेलीफोटो लेंस के साथ आता है शाओमी 17 अल्ट्रा को कंपनी ने चीन में 6999 युआन (लगभग 90 हजार रुपये) की शुरूआती कीमत पर लॉन्च किया है। ये कीमत फोन के 12जीबी रैम प्लस 512जीबी स्टोरेज वेरिएंट में आता है। वहीं फोन का टॉप वेरिएंट 16जीबी रैम प्लस 1 टीबी स्टोरेज के साथ आता है.

# नए साल में ऐपल की सबसे बड़ी प्राथमिकता है ऐपल ग्लासेज


**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** टेक दिग्गज कंपनी ऐपल को लेकर कहा जा रहा है कि नए साल में कंपनी आईफोन या मैकबुक से ज्यादा किसी और प्रोडक्ट पर ध्यान दे रही है। कंपनी ऐपल के सीईओ के लिए कंपनी के टेक डेवलपमेंट की सबसे बड़ी प्राथमिकता ऐपल ग्लासेज हैं। जानकारी के अनुसार, ऐसा हो सकता है कि नए साल में कंपनी एक बड़ा लॉन्च आयोजित करे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसा हो सकता है कि ऐपल साल 2026 में बड़े लॉन्च की तैयारी कर रही है और ऐपल ग्लासेज उसका हाइलाइट हो सकते हैं। अन्य रिपोर्टों की मानें तो कंपनी ह्यअनवील्डह्ल शब्द पर अधिक जोर दे रही है जो संकेत हो सकता है कि ऐपल ग्लासेज को सिर्फ प्रदर्शित किया जाएगा, लॉन्च को टाला जा सकता है। ऐसा हुआ तो कंपनी वियरेबल सेगमेंट में एक और डिवाइस तो ले आएगी, लेकिन उसे लोगों के बीच पहुंचने में वक्त लग सकता है। हालांकि ऐपल ग्लास डेज के लॉन्च होने की संभावनाएं इसलिए भी बन रही हैं, क्योंकि गूगल भी अपने ग्लासेज नए साल में ला सकती है और मेटा के मेटा ग्लास पहले से ही मार्केट में मौजूद हैं। यह सेगमेंट ऐसा है, जिसमें चीनी स्मार्टफोन कंपनियों की मौजूदगी अधिक नहीं है।

# ड्रीम पीएम नेयो एयर प्यूरिफायर हुआ लॉन्च

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।

वर्तमान में प्रदूषण की बढ़ती समस्या को देखते हुए तकनीक आधारित समाधानों की मांग बढ़ी है। इसी कड़ी में ड्रीम ने अपना नया एयर प्यूरिफायर पीएम नेयो बाजार में उतारा है, जो उन्नत फुल एरिया स्मार्ट प्यूरिफिकेशन सिस्टम से लैस है। कंपनी का दावा है कि यह उपकरण न केवल बाहरी प्रदूषण बल्कि घर के भीतर मौजूद हानिकारक गैसों और सूक्ष्म कणों को प्रभावी ढंग से साफ करने में सक्षम है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता इसकी लम्बे समय तक चलने वाली फॉर्मेल्डिहाइड रिमूवल क्षमता है।

इसमें कंपनी की विशेष एफसीओ केटेलिटिक फॉर्मेल्डिहाइड डिकॉम्पोजीशन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो हवा में मौजूद खतरनाक



फॉर्मेल्डिहाइड को जल वाष्प (वाटर वेपर) और कार्बन डाइऑक्साइड में तोड़ देती है। इस प्रक्रिया का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह किसी भी प्रकार का द्वितीयक प्रदूषण (सेकंडरी पल्यूशन) पैदा नहीं करती, जिससे फिल्टर की उम्र बढ़ जाती है और उसे बार-बार बदलने की जरूरत नहीं पड़ती। कार्यक्षमता के मामले में यह प्यूरिफायर काफी शक्तिशाली है। यह प्रति घंटे 300 क्यूबिक मीटर क्लीन एयर आउटपुट (सीएडीआर) प्रदान कर सकता है। कंपनी के अनुसार, यह मात्र 20 मिनट में 100 स्क्वायर मीटर के कमरे को पूरी तरह प्यूरिफाई कर सकता है। इसकी 10 मीटर की एयरफ्लो दूरी इसे 157 स्क्वायर मीटर तक के बड़े क्षेत्र को कवर करने में सक्षम बनाती है। इसमें लगा सिस्टम फर्नीचर और भवन निर्माण सामग्री से निकलने वाले हानिकारक उत्सर्जन को भी 10-15 वर्षों तक लगातार हैंडल कर सकता है। डिवाइस में एक स्मार्ट डुअल एयर डक्ट दी गई है, जिसे यूजर अपनी जरूरत के अनुसार जेट और डिफ्यूजन एयरफ्लो मोड के बीच एडजस्ट कर सकते हैं। हवा की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए इसमें 6-स्टेज वाला प्यूरिफिकेशन प्रोसेस दिया गया है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### खतरे में लोगों की जान, 27 हजार में से 11,500 ई-रिक्शा अनफिट

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

यदि आप अपनी सुविधा के लिए ई-रिक्शा में सफर कर रहे हैं, तो जरूरी नहीं कि वह पूरी तरह फिट हैं। कोई गारंटी नहीं कि उसमें सफर करना आपके लिए सुरक्षित है। हालत यह है जिले में पंजीकृत 27 हजार ई-रिक्शा में से 11500 से ज्यादा ई-रिक्शा अनफिट घूम रहे हैं। इसमें पांच हजार ई-रिक्शा तो ऐसे हैं। जिन्हें खरीदने के बाद एक बार भी फिटनेस जांच नहीं कराई। इनकी हालत पूरी तरह खटारा हो चुकी है। मेरठ रोड, बस अड्डे, मोहननगर, मोदीनगर, मुरादनगर लोनी में सड़कों पर ई-रिक्शों का बोलबाला है। कई जगह तो सड़क पर निकलने तक के लिए जगह नहीं बचती। कार्रवाई के नाम पर न तो पुलिस और न ही आरटीओ प्रवर्तन के स्तर पर गंभीरता दिख रही है। आरटीओ प्रवर्तन सियाराम वर्मा ने बताया कि वाहनों की फिटनेस न होने की वजह से चालान और जब्तीकरण की कार्रवाई की जाती है।

### हिंडन एयरपोर्ट विस्तार में अभी और लगेगा समय

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

हिंडन एयरपोर्ट के विस्तार के लिए प्रबंधन को अभी और इंतजार करना होगा। दरअसल भले ही जमीन देने के लिए 90 फीसदी किसान सहमत हो गए हों लेकिन अभी भी कुछ किसान ऐसे हैं जो अपनी जमीन नहीं देना चाह रहे। ऐसे में अब एक बार फिर से करीब 8.6 एकड़ जमीन का मोल तय कर इस फाइल को मंडलायुक्त को भेजा जाएगा। इसके बाद राज्य सरकार के पास यह फाइल जाएगी। गत छह माह से एयरपोर्ट विस्तार पर चर्चा चल रही है। यहां तक कि इसके लिए अभी तक कई बार हिंडन एयरपोर्ट के बाहर सर्वे करवाया जा चुका है लेकिन दोबारा किए गए सर्वे में हिंडन एयरपोर्ट को 9 एकड़ की जगह 8.6 एकड़ की जमीन अधिग्रहण के लिए फाइनल की गई है। इससे पूर्व केवल छह एकड़ देने पर ही सहमति बनी थी। अब नए सर्वे के आधार पर बनाई गई फाइल जिला दर निर्धारण अधिकारी की तरफ से मेरठ मंडलायुक्त को भेजी जाएगी। मंडलायुक्त के माध्यम से यह फाइल राज्य सरकार के पास जाएगी और फिर वहां से भू अधिग्रहण के लिए अनुमति ली जाएगी। बता दें कि भूमि अधिग्रहण के लिए अब तक सिकंदरपुर गांव 90 प्रतिशत किसान अपनी सहमति दे चुके हैं लेकिन कुछ किसान हैं जो इसके लिए तैयार नहीं हैं। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि कुल जमीन की कीमत करीब 65 करोड़ है।

# कुलदीप सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से झटका : दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत पर लगाई रोक, नोटिस जारी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

उन्नाव रेप मामले में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा कुलदीप सिंह सेंगर को दी गई जमानत पर तत्काल रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की याचिका पर कुलदीप सेंगर को नोटिस भी जारी किया है।

दिल्ली हाईकोर्ट के जमानत आदेश के खिलाफ सीबीआई की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सुनवाई की।

इस दौरान चीफ जस्टिस ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि आमतौर पर यह नियम होता है कि अगर कोई व्यक्ति जेल से बाहर आ चुका है, तो कोर्ट उसकी आजादी नहीं छीनती, लेकिन इस मामले में स्थिति अलग है, क्योंकि कुलदीप सेंगर अभी एक अन्य मामले में जेल में बंद है। इसी आधार पर कोर्ट ने जमानत पर रोक लगाने का आदेश दिया।



सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में दलीलें पेश कीं। उन्होंने कहा कि यह मामला एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का है। सेंगर पर धारा 376 और पोक्सो एक्ट की धारा 5 और 6 के तहत आरोप तय किए गए थे।

ट्रायल कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए एसजी तुषार मेहता ने बताया कि कोर्ट ने सेंगर को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। ट्रायल कोर्ट ने यह भी स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड किया था कि पीड़िता की उम्र 16 साल से कम, यानी 15 साल 10 महीने थी। इस सजा के खिलाफ सेंगर की अपील फिलहाल हाईकोर्ट में लंबित है।

एसजी ने कहा कि धारा 375 के तहत सेंगर को दोषी ठहराया गया है और अगर अपराध किसी प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा किया गया हो, तो उसमें न्यूनतम सजा 20 साल या उम्रकैद तक हो सकती है।

उन्होंने यह भी दलील दी कि ट्रायल कोर्ट ने इस तथ्य को नजरअंदाज किया कि धारा 376 के जिन प्रावधानों के तहत सेंगर दोषी पाए गए, उनमें भी उम्रकैद की सजा का प्रावधान है। तुषार मेहता ने हाईकोर्ट के उस निष्कर्ष को भी गलत बताया, जिसमें कहा गया था कि विधायक पोक्सो एक्ट की धारा 5 के तहत पब्लिक सर्वेंट की श्रेणी में नहीं आता। उन्होंने साफ कहा कि जब पीड़ित नाबालिग हो, तो यह मायने नहीं रखता कि अपराधी सार्वजनिक पद पर है या नहीं। वहीं, कुलदीप सेंगर की ओर से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे और हरिहरन ने बचाव पक्ष की दलीलें पेश कीं।

### 1400 वर्ष पुराने मंदिर को बचाने के लिए भक्त हुए एकजुट

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

1400 वर्ष पुराने गुरु गोरख नाथ एवं सिद्ध रतन नाथ के ऐतिहासिक मंदिर की भूमि के संरक्षण और तत्काल वापसी की मांग को लेकर फरीदाबाद के भक्त एकजुट हो गए हैं। भक्तों ने इस स्थल को अमूल्य धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत बताते हुए किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ का कड़ा विरोध जताया है। इसी क्रम में फरीदाबाद स्थित बाबा पीर रतन नाथ मंदिर-दरगाह से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने रविवार को शांति प्रार्थना प्रदर्शन के लिए एक यात्रा निकाली। यह यात्रा फरीदाबाद से प्रारंभ होकर दिल्ली के झंडेवालान मंदिर तक निकाली गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में धार्मिक ध्वज और आस्था से जुड़े संदेश लिए शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ते रहे।

## साइबर ठगों पर वार, एक सप्ताह में 37 गिरफ्तार

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**



पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में साइबर थाना टीमों ने 20 दिसंबर से 26 दिसंबर के बीच एक सप्ताह के दौरान 13 मामलों में कार्रवाई करते हुए 37 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने 11 लाख 78 हजार रुपये की राशि भी बरामद की है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ साइबर थाना एनआईटी के 3, सेंट्रल के 4 और बल्लभगढ़ के 6 मामलों में कार्रवाई की गई है। साइबर थाना टीमों की सक्रियता के चलते ठगी से जुड़ी 286 शिकायतों का निस्तारण किया गया, वहीं 3 लाख 20 हजार 555 रुपये की राशि विभिन्न बैंक खातों में फ्रिज कराई गई है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में लोकेश वैष्णव, दीपक ठाकर, यश ठाकर, सुजान सिंह, वीरेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, मोहम्मद दाऊद, पठान नजरूदीन नूरदीन, पठान सोहिल, सैफ अली खान, मोहम्मद राशिद कुरैशी, जितेंद्र, पराग जोशी, शिवम बोचीवाल, राम सिंह, रोहित लाल, विजय कुमार, आकाश शिवाजी, रघुबीर सिंह, हर्षवर्धन, गगनदीप, आनंद प्रकाश, नितिन सिंह, आशीष, बंशी राम, राजू राम, करना राम, रामहेत सिंह, सुनील कुमार, नवदीप सिंह, साजिद फारूक, अजय, सुमित शर्मा, विकास सिंह, आशिक, आलम और धर्मेंद्र सोनी शामिल हैं। फरीदाबाद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क रहें और किसी भी प्रकार के लालच में न आएं। यदि साइबर ठगी की आशंका हो या ठगी हो जाए तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके साथ ही ऑनलाइन पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# एपीके फाइल डाउनलोड करते ही फोन हो गया हैक, खाते से उड़ाए लाखों रुपये

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ताजा मामलों में साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीकों से दो लोगों को अपना शिकार बनाते हुए कुल 18 लाख 52 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी और साइबर थाना सेंट्रल पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-82 स्थित पुरी प्राणायाम सोसाइटी निवासी एक कारोबारी से जुड़ा है, जिनकी एनआईटी-1 क्षेत्र में प्रिंटिंग प्रेस है। कारोबारी ने पुलिस को बताया कि 26 दिसंबर को दोपहर करीब 11 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आया। मैसेज में लिखा था कि उनका गैस कनेक्शन



जल्द ही काट दिया जाएगा।

मैसेज देखकर कारोबारी ने संबंधित नंबर पर कॉल की। फोन उठाने वाले व्यक्ति ने अपना नाम प्रकाश प्रजापति बताया और खुद को गैस कंपनी से जुड़ा बताया। बिल भुगतान के बारे में पूछने पर आरोपी ने व्हाट्सएप पर एक फाइल भेजी और उसे डाउनलोड करने को कहा। फाइल एपीके फॉर्मेट में थी। जैसे ही कारोबारी ने फाइल डाउनलोड की, उनका मोबाइल हैक हो गया।

इसके बाद ठगों ने उनके और उनके पिता के बैंक खातों से कई चरणों में कुल 13 लाख 80 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित को जब तक ठगी का एहसास हुआ, तब तक रकम खाते से जा चुकी थी। दूसरा मामला सेक्टर-16 निवासी व्यक्ति से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर एक कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए क्रेडिट कार्ड का पासवर्ड और मोबाइल नंबर अपडेट करने की बात कही। पीड़ित कार्ड का इस्तेमाल नहीं कर रहे थे, फिर भी उन्होंने बातों में आकर बैंक की बताई वेबसाइट खोली। जैसे ही उन्होंने नंबर अपडेट करने की प्रक्रिया शुरू की, उनके खाते से चार बार में कुल 4 लाख 72 हजार रुपये कट गए।

## एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर चलती कार में लगी आग

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

सेक्टर-2 में दिल्ली-मुंबई-वड़ोदरा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर शनिवार शाम को ड्यूटी से घर लौट रहे युवक की चलती कार में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि करीब 15 मिनट के भीतर पूरी कार जलकर खाक हो गई। आईएमटी क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत विकास नाम का युवक अपनी आई-20 कार से ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था। वह सेक्टर-2 के पास दिल्ली-मुंबई-वड़ोदरा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड से होते हुए फरीदाबाद की ओर जा रहा था। इसी दौरान कार के नीचे से अचानक तेज धुआं निकलने लगा।

विकास ने सड़क के बीच में ही कार रोक दी और नीचे उतर गया। तभी इंजन के नीचे से धुआं और तेज हो गया और देखते ही देखते इंजन में आग लग गई। युवक ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी के पहुंचने से पहले ही कार पूरी तरह आग की चपेट में आ गई।



बल्लभगढ़ के अग्रसेन चौकी इंचार्ज धर्मपाल कुमार ने बताया कि यह हादसा शाम करीब 7 बजे के आसपास हुआ है। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### हादसे को देखने में चक्कर में हुआ एक और हादसा

कार में लगी आग को देखने के लिए एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर ही एक चालक ने अपनी कार रोक दी। तभी पीछे से आ रही दूसरी कार ने उसमें टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों कारों के एयरबैग खुल गए।

# गंभीर समस्या बनता जा रहा प्रदूषण, लोग परेशान

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

जिले में सर्दी के साथ लगातार बढ़ता वायु प्रदूषण लोगों के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। ठंड और जहरीली हवा के मेल ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बढ़ते प्रदूषण के कारण बल्लभगढ़ देश के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल हो गया है। रविवार को बल्लभगढ़ का वायु गुणवत्ता सूचकांक 334 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। वहीं फरीदाबाद का एक्यूआई भी 255 रहा, जो स्वास्थ्य के लिए खतरे का संकेत है। सुबह और शाम के समय जिले में कोहरा और स्मॉग छाया रहा। इसकी वजह से दृश्यता काफी कम हो गई, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर दफ्तर जाने वाले लोग, स्कूल जाने वाले बच्चे और वाहन चालक ज्यादा प्रभावित हुए। कई स्थानों पर वाहन रेंगते नजर आए, जिससे सड़क हादसों की आशंका भी बनी रही।

प्रदूषित हवा का असर सीधे लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। अस्पतालों और क्लीनिकों में खांसी, जुकाम,



आंखों में जलन, एलर्जी और सांस लेने में दिक्कत के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डॉक्टरों का कहना है कि ठंडी हवा में प्रदूषण के कण ज्यादा देर तक वातावरण में बने रहते हैं, जिससे फेफड़ों पर इसका असर बढ़ जाता है। बच्चों और बुजुर्गों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण उन पर इसका प्रभाव अधिक देखा जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बढ़ते प्रदूषण के बावजूद न तो खुले में कूड़ा जलाने पर पूरी तरह रोक लग पा रही है और न ही औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाले धुएं पर सख्ती दिखाई दे रही है। इसके अलावा वाहनों की बढ़ती संख्या भी प्रदूषण बढ़ने का बड़ा कारण बनी हुई है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ठोस और स्थायी कदम उठाए जाएं।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को जिले में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने आने वाले दिनों में भी सुबह और शाम धुंध छाए रहने की संभावना जताई है। ऐसे में विशेषज्ञों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों को सुबह की सैर से बचने, मास्क पहनने पहनने की सलाह दी है।

# न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लिया



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने का ऐलान किया है। 35 साल के ब्रेसवेल ने अपने करियर के दौरान 2011 से 2023 तक 28 टेस्ट, 21 वनडे और 20 टी20 मैच खेले। ब्रेसवेल ने कुल 74 टेस्ट विकेट लेकर रिटायरमेंट लिया है। अपने तीसरे ही टेस्ट मैच में उन्होंने होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराने में न्यूजीलैंड की मदद की थी, जिसमें उन्होंने मैन ऑफ द मैच परफॉर्मेंस देते हुए रोमांचक आखिरी पारी में 6-40 विकेट लेकर सात रन से जीत दिलाई थी। यह आखिरी बार था जब न्यूजीलैंड ने टेस्ट लेवल पर ऑस्ट्रेलियाई धरती पर अपने ट्रांस-तस्मान प्रतिद्वंद्वियों को हराया था। ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड के लिए व्हाइट-बॉल मैचों में भी 46 विकेट लिए। उनका आखिरी इंटरनेशनल मैच 2023 में वेलिंगटन में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैच था, लेकिन हाल ही में पसली में चोट लगने के कारण ब्रेसवेल को न्यूजीलैंड की घरेलू टीम सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के साथ अपना करियर खत्म करना पड़ा। ब्रेसवेल ने एक बयान में कहा, यह मेरी जिंदगी का एक गौरवपूर्ण हिस्सा रहा है। एक युवा क्रिकेटर के तौर पर मैं हमेशा से यही चाहता था। मैं क्रिकेट के जरिए मिले मौकों और अपने देश के लिए खेलने के मौके के लिए हमेशा आभारी रहूंगा। साथ ही, अपने पूरे घरेलू करियर में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए खेलने के मौके के लिए भी। उन्होंने कहा, मैं इस मौके पर उन सभी टीम के साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिनके साथ मैं खेला हूं। मैं उन कोच और मैनेजमेंट को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जो इस सफर में मेरे साथ रहे और मेरे लिए कुछ किए। ब्रेसवेल ने आगे कहा कि फर्स्ट-क्लास और इंटरनेशनल क्रिकेट खेलना एक सौभाग्य की बात है। मैं शुक्रगुजार हूं कि मैंने इतने लंबे समय तक यह खेल का आनंद लिया। ब्रेसवेल न्यूजीलैंड क्रिकेट के उन कुछ मॉडर्न ऑलराउंडरों में से एक के तौर पर रिटायर हुए हैं जिन्होंने 4 हजार रन और 400 करियर विकेट का एलीट फर्स्ट-क्लास डबल हासिल किया है।

# आईपीएल 2026 के लिए केकेआर ने वाटसन को जोड़ा




» **कोलकाता, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सहायक कोच की जिम्मेदारीद निभाते नजर आयेंगें।

वह इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए थे। अब वह मुख्य कोच अभिषेक नायर के साथ काम करेंगे। वॉटसन ने अपने करियर में 59 टेस्ट, 190 एकदिवसीय और 58 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। वॉटसन आईपीएल में एक बेहतरी खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने 12 सत्र खेले हैं। उन्होंने 2008 में राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के पहले सीरीज में शानदार जीत दिलाई थी। केकेआर ने सोशल मीडिया में वॉटसन को सहायक कोच बनाए जाने की पुष्टि की है।

केकेआर के सीईओ वैंकी मैसूर ने सोशल मीडिया में लिखा, केकेआर परिवार में शेन वॉटसन का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। उच्चतम स्तर पर एक खिलाड़ी और कोच के रूप में उनका अनुभव हमारी टीम संस्कृति और तैयारी में अहम भूमिका निभाएगा। । टी20 प्रारूप की उनकी समझ काफी अच्छी है। हम मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह उनके अच्छे योगदान की उम्मीद करते हैं।

वहीं वॉटसन ने कहा, केकेआर जैसी प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत सम्मान व गर्व की बात है। मैंने हमेशा केकेआर के प्रशंसकों के जुनून और टीम की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की है।

मैं कोलकाता को एक और खिताब दिलाने के लिए पूरी ताकत से काम करने के लिए उत्सुक हूं। वॉटसन का आईपीएल में एक खिलाड़ी और कोच के रूप में लंबा अनुभव रहा है, जो केकेआर के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। वह 2022 और 2023 में दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच के रूप में काम कर चुके हैं। वहीं बतौर खिलाड़ी वॉटसन के आईपीएल करियर पर गौर करें तो 145 मैचों में 4 शतक और 21 अर्धशतक लगाते हुए 137.91 की स्ट्राइक रेट और 30.99 की औसत से 3,874 रन बनाए हैं। साथ ही 92 विकेट हासिल किए हैं।



# जब मौनी रॉय को सुनाई दी चीते की दहाड़

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय हाल ही में एक डरावने अनुभव से गुजर गईं, जब जंगल ट्रेक के दौरान उनका सामना लगभग एक जंगली जानवर से हो गया। जो सैर शुरूआत में प्रकृति के बीच सुकून भरी लग रही थी, वो अचानक दहशत में बदल गई। मौनी ने खुद इस घटना का खुलासा सोशल मीडिया पर किया है, जिसके बाद फैंस भी चिंता में पड़ गए। मौनी ने इंस्टाग्राम पर ट्रेक की कई तस्वीरें शेयर करते हुए बताया कि जंगल में घूमते वक्त उन्होंने तेंदुए या चीते की दहाड़ सुनी। अपने कैप्शन में उन्होंने लिखा, ह्लआज जंगल में ट्रेकिंग करने गए थेह्व झरनों के बीच से गुजरे, एक तेंदुए/चीता की दहाड़ सुनी और जान बचाकर भागे ह्व इसके साथ उन्होंने सभी को छुट्टियों की शुभकामनाएं भी दीं। तस्वीरों में मौनी चीता प्रिंट पैंट और स्वेटर में कैजुअल लुक में नजर आ रही हैं। कुछ फोटो में वह जंगल के बीच बैठकर नेचर का आनंद लेती दिखीं।



# धुरंधर की सक्सेस सर चढ़ गई अक्षय खन्ना के: प्रोड्यूसर पाठक

बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना ने धुरंधर की सक्सेस के बाद दृश्यम 3 से अचानक किनारा कर लिया। इसकी वजह फिल्म के मेकर्स के साथ फाइनेंशियली और क्रिएटिव मतभेदों को बताया जा रहा है। इस मामले में फिल्म के प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक ने कहा कि फीस का कोई इश्यू नहीं था। बल्कि मामला अक्षय के लुक का था। अक्षय को हमने लीगल नोटिस भेजा है और मुआवजा लेंगे। कुमार मंगत पाठक ने बताया कि अक्षय की फीस पहले ही तय हो चुकी थी और कॉस्ट्यूम डिजाइनर्स ने उनके लुक पर काम शुरू कर दिया था। फिर भी, धुरंधर रिलीज से पहले अक्षय ने कहा कि उनका किरदार गंजा था, लेकिन वे बाल लगाना चाहते हैं क्योंकि लोगों ने धुरंधर के लुक की तारीफ की। डायरेक्टर अभिषेक पाठक ने समझाया कि दृश्यम 3 दूसरी फिल्म के ठीक 6 घंटे बाद शुरू होती है, इसलिए बाल असंभव हैं। अक्षय ने पहले मान लिया था, लेकिन बाद में आसपास के लोगों ने उन्हें भड़का दिया। कुमार ने कहा- कभी-कभी साइड एक्टर को लगता है कि फिल्म उनकी वजह से चली। धुरंधर रिलीज वाले दिन ही अक्षय ने मैसेज कर फिल्म से हटने की बात कही, बिना कारण बताए। फोन भी नहीं उठाए। प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक ने तंज कसते हुए कहा- आसपास के चमचे दिमाग में भरे होंगे। धुरंधर हिट हुई तो लगा, फिल्म मेरी वजह से चली। लेकिन फिल्म हिट करने में सबका हाथ होता है। सेक्शन 375 के बाद अक्षय को मैंने ही दृश्यम 2 दिलाया था। हम अच्छे दोस्त थे, वो हर महीने ऑफिस आता था। अचानक सक्सेस सर चढ़ गई। इससे प्रोडक्शन को भारी नुकसान हुआ। शूट 16 दिसंबर को शुरू हो चुका था, सेट तोड़ना पड़ा। कुमार ने अक्षय को लीगल नोटिस भेजा है और मुआवजा लेंगे। बताया जा रहा है कि अब जयदीप अहलावत ने अक्षय खन्ना की जगह ले ली है।



# बॉलीवुड में मौके खोने का था डर, इसलिए त्रिधा चौधरी ने हॉलीवुड प्रोजेक्ट से बनाई दूरी



अभिनेत्री त्रिधा चौधरी हाल ही में फिल्म किस किस को प्यार करूं-2 में नजर आई थीं। अभिनेत्री ने हाल ही में समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी और करियर के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने बताया कि वह अलग-अलग फिल्म को बहुत सोच समझकर चुनती हैं। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि हॉलीवुड से एक अच्छा ऑफर मिला था, लेकिन बोल्ड सीन्स करने से उन्हें बाकी जगह से ऑफर ठुकरा दिए जाते। अभिनेत्री ने कहा, मुझे अच्छी तरह से पता था कि ऐसे सीन करने से मेरा भविष्य प्रभावित हो सकता है। खासकर बॉलीवुड और अन्य भारतीय इंडस्ट्री में मौके कम हो जाते हैं। अभिनेत्री ने समझाया कि बोल्ड सीन करने से उन्हें एक खास तरह की इमेज मिल जाती है। इससे कई अच्छे प्रोजेक्ट्स हाथ से निकल सकते थे। वे नहीं चाहती थीं कि एक प्रोजेक्ट की वजह से उनका लंबे समय का करियर खतरे में पड़ जाए। उन्होंने कहा, अगर मैं हॉलीवुड में एक ऐसा प्रोजेक्ट करती, जिसमें बोल्ड सीन्स होते, तो इससे मेरे कई अन्य प्रोजेक्ट्स रुक जाते हैं। मुझे यह पहले से पता था। यही वजह थी कि मैंने पहले से हॉलीवुड में कदम रख लिया है, तो अलग तरीके से आगे बढ़ सकती हूं, लेकिन सिर्फ एक प्रोजेक्ट के लिए बॉलीवुड या कहीं और का अपना लंबा सफर जोखिम में नहीं डालूंगी। त्रिधा हाल ही में कपिल शर्मा की फिल्म किस किस को प्यार करूं-2 में नजर आई थी। फिल्म में कपिल और त्रिधा के अलावा, आयशा खान, पारुल गुलाटी और हीरा वरीना मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अखिलेंद्र मिश्रा कपिल शर्मा के पिता के रोल में हैं। उन्होंने फिल्म के सबसे मजेदार पल दिए हैं। वहीं, फिल्म को वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट और अब्बास-मस्तान ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें हंसी, मस्ती, दोस्ती और खुशियों से भरे पल शामिल हैं। हालांकि, फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म धुरंधर के आगे कपिल शर्मा की ये फिल्म ज्यादा कमाल नहीं दिखा सकी थी।

# चांदी की बढ़ती कीमतों पर मस्क ने जताई चिंता, कहा- कई इंडस्ट्रियल प्रोसेस में हो रहा उपयोग

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने चांदी में जारी एकतरफा तेजी पर चिंता जताई है और कहा है कि इसका कई इंडस्ट्रियल प्रोसेस में उपयोग हो रहा है।

मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर चांदी की कीमतों में तेजी पर कहा, यह सही नहीं है। चांदी का कई इंडस्ट्रियल प्रोसेस में उपयोग होता है। चांदी में तेजी ने पूरी इंडस्ट्री को चिंता में डाल दिया है, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों से लेकर सोलर और कई अन्य उत्पादों जैसे ईवी आदि में बड़ी मात्रा में चांदी का उपयोग हो रहा है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, मैंने आप सभी को चेतावनी देने की कोशिश की थी। आप जानते हैं कि यह बुरा है



जब एलन मस्क चांदी की कीमत के बहुत अधिक बढ़ने को लेकर चिंतित हैं।

चांदी में बड़े स्तर पर तेजी देखने को मिल रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चांदी का भाव 75 डॉलर प्रति औंस पर है। घरेलू बाजार में भी चांदी की कीमतें उच्चतम स्तर पर बनी हुई है और एमसीएक्स पर इंट्राडे में 2,54,174 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी। एनालिस्ट्स ने बताया कि निवेश मांग, सप्लाई में कमी और बढ़ती इंडस्ट्रियल मांग की वजह से चांदी की तेजी ने सोने और बड़े स्टॉक्स सहित ज्यादातर एसेट्स को पीछे छोड़ दिया है।

उन्होंने बताया कि चांदी के पास सोने की तरह बड़े रिजर्व नहीं हैं। इसके अलावा, छुट्टियों के दौरान कम ट्रेडिंग वॉल्यूम के कारण कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव और बढ़ गया।

## संक्षिप्त खबरें

### कैलिफोर्निया के सुसानविले के समीप 5.0 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** कैलिफोर्निया के सुसानविले से 15 किमी उत्तर-उत्तर पश्चिम में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 0041 बजे 5.0 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने दी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र 5.4 किलोमीटर की गहराई में शुरूआत में 40.54 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 120.69 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर निर्धारित किया गया। फिलहाल किसी जानमान के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### रूस ने 52 सैटेलाइट्स को अंतरिक्ष में उनकी कक्षा में स्थापित किया

**मास्को, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** रूस की स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस ने सोमवार को कहा कि उसने सोयुज-2.1बी रॉकेट से 52 उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में उनकी तय कक्षा में स्थापित कर दिया है। रोस्कोस्मोस ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि सोयुज रॉकेट का प्रक्षेपण रविवार को अपराह्न में रूस के सुदूर पूर्वी अमूर ओब्लास्ट में वोस्तोचन कॉस्मोड्रोम फैसिलिटी से किया गया। रॉकेट ने दो आइस्ट-2टी और 50 अन्य सैटेलाइट्स को ऑर्बिट में पहुंचाया। इस प्रक्रिया में लगभग पांच घंटे लगे। ये स्पेसक्राफ्ट कम से कम पांच साल तक ऑर्बिट में सक्रिय रूप से काम करने के लिए तैयार किए गये हैं। इनके उपयोग पृथ्वी की रिमोट सेंसिंग, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन रिसर्च, ग्लोबल शिपिंग की निगरानी से लेकर इंटरनेट ऑफ थिंग्स ट्रांसमीटर से सिग्नल प्राप्त करने तक हैं।

### रूस ने विदेशी अदालतों के फैसलों को लागू करने पर रोक लगाई

**मॉस्को, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उस नए कानून पर हस्ताक्षर किया है, जो रूस में विदेशी और अंतरराष्ट्रीय अदालतों द्वारा जारी फैसलों को लागू करने पर रोक लगाता है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। कानून में कहा गया है कि रूस उन विदेशी अदालतों के फैसलों को लागू नहीं करेगा जिनके पास आपराधिक अधिकार क्षेत्र है, अगर यह अधिकार रूस की भागीदारी के बिना दूसरे देशों द्वारा दिया गया है।

# खालिदा जिया लड़ेंगी चुनाव, पार्टी ने उनकी ओर से दाखिल किया नामांकन पत्र

» **ढाका, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

अस्पताल में इलाजरत बांग्लादेश की पूर्व पीएम बेगम खालिदा जिया 13वां नेशनल पार्लियामेंट इलेक्शन लड़ेंगी। पार्टी ने उनकी तरफ से बोगरा-7 निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया है।

ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष खालिदा जिया की तरफ से सोमवार को बोगरा-7 सीट के लिए नॉमिनेशन पेपर जमा किया गया।

पार्टी चीफ के सलाहकार हेलालुज्जमां तालुकदार लालू ने दोपहर करीब 3:00 बजे डिप्टी कमिश्नर और रिटर्निंग ऑफिसर तौफीकुर रहमान के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया।

बोगरा-7 सीट से चुनाव लड़ रही खालिदा जिया का प्रतिनिधित्व शाहजहांपुर उपजिला बीएनपी के अध्यक्ष इनामुल हक शाहीन और गबटोली उपजिला बीएनपी के महासचिव इनामुल हक नतून समेत पार्टी नेताओं ने किया।



हेलालुज्जमां तालुकदार लालू ने कहा कि बोगरा-7 सीट का बीएनपी के लिए ऐतिहासिक महत्व है। यह सीट पार्टी संस्थापक जियाउर रहमान का घर रहा है। खालिदा जिया ने पहली बार 1991 के राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में यह सीट जीती थी और 1996 और 2001 में भी यहां जीत हासिल की थी।

प्रथोम आलो मीडिया आउटलेट के अनुसार, ढाका साउथ सिटी के बीएनपी संयोजक और खालिदा जिया के चुनाव समन्वयक मुंशी रफीकुल आलम, जिन्हें मजनू के नाम से भी जाना जाता है, ने भी उसी चुनाव क्षेत्र के लिए बीएनपी उम्मीदवार के तौर पर अपना नॉमिनेशन दाखिल किया।

खालिदा जिया का नॉमिनेशन जमा करने आए पार्टी के उपाध्यक्ष अब्दुल अवल मिंटू ने कहा कि इस चुनाव क्षेत्र के लिए एक दूसरे उम्मीदवार का इंतजाम किया गया है। उन्होंने कहा, क्योंकि नेता बीमार हैं, इसलिए एक दूसरे उम्मीदवार को चुना गया है। अगर वह आखिरी समय में चुनाव नहीं लड़ पाती हैं, तो दूसरा प्रतिभागी मैदान में उतरेगा। हालांकि, अगर खालिदा जिया मैदान में नहीं भी हैं, तो भी उनकी तरफ से अभियान जारी है।

इससे पहले, 21 दिसंबर की दोपहर को, केंद्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य अबू तालेब के नेतृत्व में बीएनपी नेताओं ने फेनी-1 निर्वाचन क्षेत्र के लिए खालिदा जिया की ओर से नॉमिनेशन फॉर्म लिया था।

# मैक्सिको में पटरी से उतरी ट्रेन, 13 की मौत और 98 घायल

» **मैक्सिको, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

दक्षिणी मैक्सिको में निजांडा के पास एक पुल पर 241 यात्रियों और नौ क्रू मेंबर को ले जा रही पैसेंजर ट्रेन पटरी से उतर गई। नौसेना सचिवालय ने सोशल मीडिया पर बताया कि रविवार को हुई इस घटना में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 98 अन्य घायल हो गए।

यह हादसा इंटरओशनिक ट्रेन के साथ हुआ। ओक्साका के निजांडा शहर के पास एक मोड़ पर ट्रेन के कोच पटरी से उतर गए। ट्रेन में दो लोकोमोटिव और चार पैसेंजर डिब्बे थे। यह ट्रेन पैसिफिक पोर्ट सलीना क्रूज को गल्फ कोस्ट पर कोट्जाकोलकोस से जोड़ती है। हादसे में घायल हुए 98 यात्रियों में से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। ज्यादातर यात्रियों को मैक्सिकन सोशल सिक्योरिटी इंस्टीट्यूट (आईएमएसएस) के मैटियास रोमेरो और सलीना क्रूज के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरे घायल यात्रियों का इलाज जुचिटान और इक्स्टेपेक के आईएमएसएस-वेलबीइंग अस्पतालों में किया गया। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम पार्डो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, ह्लनेवी सेक्रेटेरिएट ने मुझे



बताया है कि इंटरओशनिक ट्रेन हादसे में बदकिस्मती से 13 लोगों की मौत हो गई और 98 घायल हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है।

उन्होंने आगे कहा, मैंने नेवी सेक्रेटरी और सेक्रेटेरिएट ऑफ द इंटीरियर के मानवाधिकार के उपसचिव को मौके पर जाकर खुद परिवारों से मिलने के निर्देश दिए हैं। मैं ओक्साका के गवर्नर और उनकी टीम के समर्थन की सराहना करती हूं। हम अपडेट देते रहेंगे। घटना के बाद रेस्क्यू टीम पटरी से उतरी ट्रेन से यात्रियों को उतरने में मदद करते दिखे। इसके अलावा, स्थानीय और संघीय अधिकारी राहत और मेडिकल मदद में सहयोग कर रहे थे। गवर्नर सालोमोन जारा क्रूज ने दुर्घटना पर गहरा अफसोस जताया और भरोसा दिलाया कि राज्य के अधिकारी प्रभावित परिवारों की मदद के लिए संघीय टीमों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं।

# इंडोनेशिया के नर्सिंग होम में लगी भीषण आग, 16 लोगों की गई जान

» **जकार्ता, यूटर्न/ 29 दिसम्बर।**

इंडोनेशिया में एक नर्सिंग होम में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। इस घटना में 16 लोगों की मौत हो गई है। आग लगने की वजह क्या थी, इसके बारे में अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई। जांच टीम मौके पर पहुंचकर घटना के कारण का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को जानकारी दी है कि इंडोनेशियाई पुलिस नॉर्थ सुलावेसी प्रांत की राजधानी मनाडो के एक नर्सिंग होम में आग लग गई। इस आग में 16 लोग मारे गए, जिनकी पहचान की जा रही है ताकि पीड़ित परिवार को उनका शव सौंप कर आगे की कार्रवाई की जा सके। पोल्डा सुलुत के पब्लिक रिलेशन्स हेड अलमस्याह पी. हसीबुआन के मुताबिक, नॉर्थ सुलावेसी रीजनल पुलिस (पोल्डा सुलुत) के भायंगकारा हॉस्पिटल में पीड़ितों के शवों की पहचान की जा



रही है। पहचान की प्रक्रिया का मकसद पीड़ितों के परिवारों के साथ आगे सहयोग से पहले उनकी पूरी पहचान करना है। सिन्हुआ ने अधिकारी के हवाले से बताया, आग रविवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 8:36 बजे मनाडो के पाल दुआ डिस्ट्रिक्ट में मौजूद पैंटी वेरधा दमाई नर्सिंग होम में लगी। मनाडो शहर की सरकार द्वारा भेजी गई तीन फायर इंजन के मौके पर पहुंचने के बाद रात करीब 9:30 बजे आग बुझाई गई। आग की खबर मिलने के बाद पुलिस अधिकारी आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने इलाके को सुरक्षित करने और बचाव कार्य में मदद का काम शुरू कर दिया।



**उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन एक लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल को दागे जाने के दौरान मौजूद रहे।**

## यूक्रेन विवाद को लेकर ईयू पर भड़का रूस, लावरेव बोले- यूरोपीय देश युद्ध पर बातचीत करने को तैयार नहीं हैं



**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच तनाव लगातार जारी है। एक तरफ दोनों देशों के बीच सुलह को लेकर अमेरिका के 20 सूत्रीय प्लान पर विचार किया जा रहा है, तो दूसरी ओर रूस ने कीव पर बड़ा हमला बोल दिया है। इन सबके बीच रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने आरोप लगाया है कि यूरोपीय यूनियन युद्ध को लेकर सही तरीके से बातचीत करने के लिए तैयार नहीं है। विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने यूक्रेन को लगातार सपोर्ट देने के लिए ईयू को फटकार लगाई। इसके साथ ही उन्होंने कहा, यूरोपीय संघ यूक्रेन विवाद पर अच्छी बातचीत के लिए तैयार नहीं है। वह रूस के साथ खुलेआम जंग की तैयारी कर रहा है। लावरोव ने याद दिलाया, कुछ अपवादों को छोड़कर, लगभग सभी यूरोपीय देश कीव सरकार को पैसे और हथियारों से भर रहे हैं, जबकि रूस लड़ाई के मैदान में शांति की पहल कर रहा है। ईयू यह भी सपना देख रहा है कि पाबंदियों के दबाव में रूसी अर्थव्यवस्था गिर जाएगी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *